मंगलवार, 25 नवम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 16 – 27 |
| आर्द्रता | 62% |
| सूर्योदयः 5:55 | सूर्यास्तः 16:51 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये





भारत ने ढाका में महिला कबड्डी विश्व कप जीता पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : कभी-कभी चुप रह जाना और मुस्कुरा देना ही सबसे खूबसूरत जवाब होता है।






'हैमर' हथियार प्रणाली के लिए फ्रांसीसी कंपनी के साथ समझौता हुआ (पृष्ठ 7)

निजी परिसर में मतदान केंद्र के प्रस्ताव पर ममता ने जताई आपत्ति, चुनाव आयोग को लिखा पत्र (पृष्ठ 3)

# एसआईआर : बंगाल में अब तक दस लाख वोटरों के नाम कटने का अनुमान

## चुनाव आयोग ने कहा... 'अब तक 6.5 लाख मृत लोगों के नाम का चला हैं पता'




**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में अब तक कम से कम 10 लाख वोटरों के नाम कटने का अनुमान जताया गया है। यह चुनाव आयोग के हिसाब से है। अब तक मिली जानकारी के आधार पर पता चला है कि 10 लाख नाम हटेंगे। बाद में, और नाम हट सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, आयोग अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, बंगाल में कम से कम 10 लाख वोटरों के नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं हैं। यह जानकारी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को घर-घर जाकर फार्म बांटने और भरे हुए फार्म इकट्ठा करने के दौरान मिली है। इन 10 लाख में से 6.5 लाख वोटर मृत पाए गए हैं। इसके अलावा, कई फर्जी, ट्रांसफर हुए और गायब वोटर हैं। कई लोगों के नाम एक से अधिक बूथों पर हैं। फिर, कुछ के घर तीन-चार बार जाने के बाद भी बीएलओ को उनका पता नहीं चल पाया क्योंकि उनके पते में बदलाव था। फिलहाल यह संख्या कम से कम 10 लाख है। चुनाव आयोग के हिसाब से, 24 नवंबर तक राज्य में 99.75 प्रतिशत यानी करीब 7.64 करोड़ गणना फार्म बांटे जा चुके हैं। चार करोड़ से ज्यादा फार्म (59.4 प्रतिशत) डिजिटाइज हो चुके हैं। यह जानकारी फिलहाल अब तक हुई प्रोग्रेस के आधार पर दी गई है। हालांकि, असल में कितने नाम बाहर होंगे, इसका अंदाज़ा सभी फार्म के डिजिटाइजेशन के बाद ही लगाया जा सकेगा। ड्राफ्ट सूची नौ दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी। **शेष पृष्ठ 5 पर**

# हिंदी सिनेमा के चहेते अभिनेता धर्मेंद्र का 89 साल की उम्र में निधन

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वरिष्ठ नेताओं ने धर्मेंद्र के निधन को 'एक युग का अंत' बताया



**मुंबई :** ''सत्यकाम'' से लेकर ''शोले'' तक 300 से ज्यादा फिल्मों में काम करके मनोरंजन जगत में एक अलग मुकाम हासिल करने वाले दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का सोमवार को यहां उनके 90वें जन्मदिन से कुछ दिन पहले निधन हो गया। अपने जीवन का अधिकांश समय फिल्मी दुनिया की चकाचौंध में बिताने वाले इस बेहद लोकप्रिय अभिनेता का अंतिम संस्कार मुंबई के विले पार्ले उपनगर स्थित पवन हंस श्मशान घाट पर किया गया। धर्मेंद्र के परिवार ने उनकी मृत्यु पर कोई टिप्पणी नहीं की। धर्मेंद्र आठ दिसंबर को अपना 90वां जन्मदिन मनाते। धर्मेंद्र (89) पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे और अस्पताल में भर्ती थे। अंततः 12 नवंबर को, जब कई मीडिया संस्थानों ने उनकी मृत्यु की खबर दी और उनके नाराज परिवार ने गोपनीयता का अनुरोध किया, तो उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और जुहू स्थित उनके घर ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर दुख जताया और कहा कि उनके जाने से एक युग का अंत हो गया है तथा उनकी विरासत कलाकारों की युवा पीढ़ी को हमेशा प्रेरित करती रहेगी।

पृष्ठ 7

# प्रधानमंत्री अयोध्या में आज राम मंदिर के शिखर पर भगवा झंडा फहराएंगे



**अयोध्या :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को अयोध्या का दौरा करेंगे और श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराएंगे, जो इसके निर्माण के पूरा होने का प्रतीक होगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मंगलवार सुबह करीब 10 बजे सप्तमंदिर आयेंगे जिसमें महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वाल्मीकि, देवी अहिल्या, निषादराज गुहा और माता शबरी से जुड़े मंदिर हैं। सोमवार को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि इसके बाद वे शेषावतार मंदिर जाएंगे। सुबह करीब 11 बजे प्रधानमंत्री माता अन्नपूर्णा मंदिर जाएंगे, इसके बाद वह राम दरबार गर्भगृह में दर्शन और पूजा करेंगे, जिसके बाद रामलला गर्भगृह में दर्शन करेंगे बयान में कहा गया है कि दोपहर करीब 12 बजे प्रधानमंत्री श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा झंडा फहराएंगे, जो मंदिर के निर्माण के पूरा होने और सांस्कृतिक उत्सव और राष्ट्रीय एकता के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है।

## न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने ली 53वें प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ



**नयी दिल्ली :** न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सोमवार को भारत के 53वें प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक संक्षिप्त समारोह में न्यायमूर्ति सूर्यकांत को शपथ दिलाई। उन्होंने हिंदी में शपथ ली। न्यायमूर्ति सूर्यकांत को न्यायमूर्ति बी आर गवई के स्थान पर न्यायपालिका के सर्वोच्च पद पर नियुक्त किया गया है। न्यायमूर्ति गवई रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत को 30 अक्टूबर को अगला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया था और वह लगभग 15 महीने तक इस पद पर रहेंगे। वह नौ फरवरी 2027 को 65 वर्ष की उम्र होने पर यह पद छोड़ देंगे। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई वरिष्ठ नेता इस समारोह में शामिल हुए।

## सिम कार्ड के दुरुपयोग पर मोबाइल उपयोगकर्ता होगा जवाबदेह: दूरसंचार विभाग

**नयी दिल्ली :** अगर मोबाइल फोन उपभोक्ता के नाम पर खरीदा गए सिम कार्ड का इस्तेमाल साइबर धोखाधड़ी या किसी अवैध गतिविधि में होता है, तो उसके लिए मूल ग्राहक को भी कानूनी रूप से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। दूरसंचार विभाग ने बयान में कहा कि मोबाइल फोन की विशिष्ट पहचान संख्या आईएमईआई में छेड़छाड़ वाले उपकरणों का उपयोग, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सिम लेना या दूसरों को सिम सौंपना गंभीर उल्लंघन है और इसके दुष्परिणाम मूल ग्राहक पर भी लागू होंगे। विभाग ने कहा, ''छेड़छाड़ किए गए आईएमईआई नंबर वाले फोन का इस्तेमाल करना, धोखाधड़ी से सिम कार्ड खरीदना, या अपना सिम कार्ड दूसरों को देना या साइबर धोखाधड़ी के लिए उनका गलत इस्तेमाल करने वालों को सौंप देने के गंभीर कानूनी नतीजे हो सकते हैं। अगर उनके नाम पर लिए गए सिम कार्ड का बाद में गलत इस्तेमाल होता है, तो असली ग्राहक को भी दोषी माना जा सकता है।''










## लेकिन सुधारों का क्रियान्वयन बड़ी चुनौती

इसमें दो राय नहीं कि नई श्रम संहिताएं लागू करना देश के श्रम परिदृश्य में एक नये दौर में प्रवेश करने जैसा है। केंद्र सरकार ने चारों श्रम संहिताओं मसलन वेतन,औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा एवं कार्य स्थितियों को अधिसूचित किया है। केंद्र सरकार 29 केंद्रीय कानूनों की जगह चार संहिताओं को लाने वाले इस कदम को ऐतिहासिक सुधार के तौर पर पेश कर रही है। दावा किया जा रहा है कि इससे अनुपालन सरल बनेगा, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा और ये कदम श्रमिकों की सुरक्षा को मजबूती देगा। इस पहल में कर्मचारियों को समय पर वेतन, औपचारिक नियुक्ति पत्र देने, न्यूनतम वेतन की गारंटी और वार्षिक स्वास्थ्य जांच का वायदा किया गया है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि श्रम सुधारों के कई प्रावधान, लंबे समय से अपेक्षित प्रगति का संकेत देते हैं। सभी क्षेत्रों में न्यूनतम वेतन का सार्वभौमिक वैधानिक अधिकार, अनिवार्य लिखित नौकरी अनुबंध, निश्चित अवधि के कर्मचारियों के लिये बेहतर ग्रेच्युटी तक पहुंच और स्वास्थ्य व सुरक्षा पर स्पष्ट मानदंड, औपचारिक प्रावधानों और पारदर्शिता की दिशा में बदलाव को रेखांकित करते हैं। निश्चित रूप से सामाजिक-सुरक्षा ढांचे के भीतर गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को मान्यता देना शायद सबसे बड़ा संरचनात्मक परिवर्तन माना जा सकता है। सही मायनों में यह बदलाव लंबे से समय से वैधानिक दायरे से बाहर रह रहे एक बड़े वर्ग को मान्यता प्रदान करता है। निश्चय ही, ये देश के लाखों कामगारों को सुरक्षा कवच प्रदान करेगा।

वहीं दूसरी ओर ये संहिताएं महिलाओं के लिये भी रोजगार की समान परिस्थितियां अनिवार्य बनाती हैं। इस प्रयास से महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी का दायरा बढ़ेगा। हालांकि, इन प्रयासों से जुड़ी कुछ जरूरी चेतावनियां भी सामने आ रही हैं। उदाहरण के लिये औद्योगिक संबंध संहिता, छंटनी और संस्थान को बंद करने के लिये सरकारी मंजूरी की सीमा को सौ कामगारों से बढ़ाकर तीन सौ कर देती है। इन नई श्रम संहिताओं के लागू होने पर उद्योग जगत जहां इस बदलाव को लचीला बताकर स्वागत कर रहा है, वहीं श्रम संगठनों को चिंता है कि इससे रोजगार की सुरक्षा कम होगी। ऐसी ही कई आशंकाओं को लेकर देश की कई केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। उनका तर्क है कि नई व्यवस्था कामगारों के सामूहिक दबाव से बातचीत की गुंजाइश को कमजोर करती है। साथ ही सत्ता का झुकाव नियोक्ताओं की ओर नजर आता है। वहीं दूसरी ओर नये प्रावधानों का क्रियान्यवन राज्यों पर निर्भर करेगा। जिन्हें इसके बाबत पूरक नियम बनाने होंगे। राज्यों द्वारा असमान रूप से प्रावधान अपनाने से एकीकृत रूप से राष्ट्रीय व्यवस्था के निर्माण में बाधा उत्पन्न होगी। वहीं दूसरी ओर इन संहिताओं की सफलता प्रवर्तन की ईमानदारी पर निर्भर करेगी। यह प्रयास तभी प्रभावी होगा जब कार्य परिस्थितियों का पारदर्शी निरीक्षण, सकारात्मक परिणाम देने वाले शिकायत तंत्र और अनौपचारिक कार्यबल तक सही मायने में पहुंचने वाली सामाजिक सुरक्षा योजनाएं सिरे चढ़ सकेंगी। निस्संदेह, देश ने अपनी श्रम नियमावली को फिर से लिखा है। लेकिन जमीनी स्तर पर ठोस बदलाव आने में अभी कुछ वक्त लगेगा।

## ट्रंप और चिनफिंग ने सोमवार को फोन पर बात कर ताइवान सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपने चीनी समकक्ष शी चिनफिंग से फोन पर बात की और इस दौरान व्यापार, ताइवान और यूक्रेन सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। व्हाइट हाउस और चीनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, शी ने सोमवार को फोन पर ट्रंप से कहा कि ताइवान की मुख्य भूमि चीन में वापसी ''(द्वितीय विश्व)युद्ध के बाद की अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।'' व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि यह कॉल सोमवार सुबह हुई थी, लेकिन बातचीत का कोई विवरण नहीं दिया। यह बातचीत जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची द्वारा हाल ही में दिए गए उस बयान के बाद हुई है जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि चीन ताइवान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करता है तो जापान की सेना इसमें हस्तक्षेप कर सकती है। ताइवान एक स्वशासित द्वीप है जिस पर चीन अपना दावा करता है। शी ने फोन पर कहा कि चीन और अमेरिका, जिन्होंने युद्ध के दौरान एक साथ लड़ाई लड़ी थी, को 'संयुक्त रूप से द्वितीय विश्व युद्ध के विजयी परिणाम की रक्षा करनी चाहिए।'

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 25 नवम्बर, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष पंचमी, 22:54 तक, नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा, 23:46 तक, योग : गांदा, 12:43 तक, सूर्योदयः 05:55, सूर्यास्तः 16:51, चन्द्रोदय : 10:02, चन्द्रास्तः 20:59, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 14:05 15:26

## राशिफल

**मेष :** आज आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। व्यवसाय में आपको अकस्मात लाभ मिलेगा। आप अपनी सेहत को लेकर सजग रहें।

**वृष :** आज आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से करना मिलाकर चलेंगे। आपकी धन व प्रतिष्ठा बढ़ने से खुशी होगी। पारिवारिक मामला को भी आप मिल बैठकर निपटाएंगे।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप यदि किसी काम को भाग्य के भरोसे छोडेगे, तो उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**कर्क :** आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना होगा। आपको सामाजिक कामों से जुड़ी कोई जरूरी जानकारी मिल सकती है।

**सिंह :** आज का दिन आपके सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अक्समात धन लाभ मिलने से खुशी होगी और परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी।

**कन्या :** आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उन्हें किसी नई जगह काम करने का मौका मिलेगा। आपको किसी पुरानी गलती से आप सबक लेना होगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए किसी नई नौकरी की प्राप्ति के लिए रहेगा। आपको अपनी स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके कुछ नया करने के प्रयास बेहतर रहेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों को कंट्रोल करके चलने के लिए रहेगा। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा और आप आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है, लेकिन फिर भी आप अपने आसपास रह रहे शत्रुओं को पहचान कर ही आगे बढ़ें। नये मेहमान का आगमन हो सकता है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। रोजगार की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। संतान पढ़ाई के लिए कहीं बाहर जा सकते हैं।

**कुम्भ :** आज आपको अक्समात लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा और आपके काम भी बढ़ेंगे, जिनसे कार्यक्षेत्र में आपको प्रमोशन मिल सकता है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। बिजनेस के काम में आपको अच्छी सफलता मिलेगी, लेकिन आपको किसी लड़ाई झगड़े से दूर रहना होगा।

# धर्मेंद्र : चला गया हिंदी फिल्मों का 'ही मैन'



डॉ घनश्याम बादल

रियल लाइफ और रील लाइफ में बेहद फर्क होता है लेकिन कुछ शख़्स ऐसे होते हैं जो अपने फिल्मी और वास्तविक जीवन दोनों में ही लोगों की आंखों के तारे बन जाते हैं हिंदी फिल्मों के पहले ही मन धर्मेंद्र ऐसी ही शख्सियत रहे हैं।

पंजाब की धरती से आए मजबूत शरीर वाले युवा धर्मेंद्र हिंदी फ़िल्म उद्योग की लंबी यात्रा में हमेशा चमकते रहे वह केवल पर्दे तक सीमित नहीं रहे, बल्कि दर्शकों के दिलों में में गहराई तक बस गए।

धर्मेंद्र , एक ऐसा ही नाम है जिसने अपनी सरलता, ग्लैमर और सौम्यता तथा, अभिनय क्षमता और बेफ़िक्र स्वभाव से भारतीय सिनेमा में एक विशिष्ट पहचान बनाई। 'ही-मैन' के नाम से मशहूर धर्मेंद्र ने छह दशकों से अधिक समय तक न केवल फिल्मों में धमाकेदार उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि अंतिम सांस तक अपनी जीवंतता और अपनी बहुमुखी प्रतिभा से खुद को प्रासंगिक बनाए रखा।

24 नवंबर को पांच तत्व में विलीन होने से पहले तक 89 वर्ष की उम्र में भी उन्होंने फिल्मों में काम किया और आने वाले दिसंबर में उनकी एक फिल्म और रिलीज होगी।

धर्मेंद्र का परिवार फिल्मों से दूर-दूर तक नहीं जुड़ा हुआ था न ही उनका फिल्मों में कोई गॉडफादर था । 8 दिसंबर 1935 को पंजाब के लुधियाना जिले के साहनेवाल में जन्मे धर्मसिंह देओल यानी हम सबके प्यारे धर्मेंद्र बेहद साधारण परिवार से थे बचपन से ही उन्हें सिनेमा का चाव था। किशोरावस्था में वे दिलीप कुमार और सुरैया की फ़िल्में देखते और खुद को पर्दे पर देखने का सपना संजोते थे ।

1960 में 'फ़िल्मफ़ेयर टैलेंट हंट' के माध्यम से धर्मेंद्र को फिल्मों में आने का मौका मिला। इस सफलता ने उनके लिए मुंबई का रास्ता खोला । हालांकि संघर्ष आसान नहीं था।

धर्मेंद्र का फिल्मी सफर 1960 की फ़िल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे ' से शुरू हुआ। शुरुआती दौर में रोमांटिक भूमिकाओं ने उन्हें 'सॉफ्ट हीरो' की छवि दी। अनपढ़, बंधन, फूल और पत्थर जैसी फ़िल्मों में उन्होंने अपनी अभिनय क्षमता का लोहा मनवाया। लेकिन1966 में आई 'फूल और पत्थर' धर्मेंद्र के लिए मील का पत्थर साबित हुई और उन्होंने इसके लिए पहला फ़िल्मफ़ेयर अवॉर्ड भी जीता। यहीं से धर्मेंद्र का नाम मीना कुमारी के साथ जोड़ा गया हालांकि यह रिश्ता लंबा नहीं चल पाया।

1970 का दशक धर्मेंद्र के लिए स्वर्णिम काल था जब उनकी जोड़ी हेमामालिनी के साथ बनी। दोनों की रोमांटिक केमिस्ट्री ने शोले, सीता और गीता, आप की कसम, चुपके-चुपके, जुगनू, ड्रीम गर्ल आदि कितनी ही सफल फिल्म देकर फिल्म जगत और दर्शकों दोनों को ही अपना प्रशंसक बना लिया।

हालांकि धर्मेंद्र का फिल्मी करियर एक रोमांटिक हीरो के रूप में शुरू हुआ था लेकिन उन्होंने एक्शन आइकन और 'ही-मैन' की पहचान दोनों को बरकरार रखा। उन्हें हिंदी सिनेमा का पहला 'एक्शन हीरो' कहा जा सकता है। शोले के वीरू का किरदार आज भी भारतीय सिनेमा का जीवंत हिस्सा है और उनका बसंती वाला संवाद हर पीढ़ी के बीच लोकप्रिय है। उनकी ताकत, स्क्रीन-प्रेजेंस और आकर्षक व्यक्तित्व ने उन्हें 'ही-मैन' का खिताब दिलाया।

भले ही धर्मेंद्र की पहचान मुख्य रूप से

**स्मरण**



रोमांस और एक्शन से बनीहो और उनकी मस्कुलर छवि के पीछे उनकी कॉमिक टाइमिंग छिप जाती है, लेकिन चुपके-चुपके जैसी फ़िल्मों में धर्मेंद्र ने सिद्ध किया कि वे हर भूमिका में फिट बैठने वाले एक संपूर्ण कलाकार थे । दर्शकों की नजर में वे पर्दे पर जितने जोशीले थे, उतने ही सरल और सहज भी।

धर्मेंद्र ने अभिनय के साथ-साथ निर्माण क्षेत्र में भी उपस्थिति दर्ज की। 'विजेता फ़िल्म्स' के बैनर तले उन्होंने घायल, बरसात, दिल्लगी, अपने, यमला पगला दीवाना जैसी फ़िल्में बनाईं। उनके पुत्र सनी देओल और बॉबी देओल और अभय देओल भी सफल फिल्म अभिनेता हैं और उनकी फिल्मी विरासत को आगे बढ़ा रह हैं । उनकी बेटी ईशा देओल भी उनकी अभिनय विरासत को आगे बढ़ा रही है।

धर्मेंद्र का परिवारिक जीवन भी फिल्मों की तरह सुर्खियों में रहा। धर्मेंद्र की दूसरी शादी हेमामालिनी से हुई और दोनों बेटियों ईशा और अहाना भी अभिनय और कला के क्षेत्र में हैं।

एक सुपरस्टार और समर्थ फिल्म अभिनेता के रूप में धर्मेंद्र की उपलब्धियों की सूची लंबी है। भारतीय सिनेमा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित किया गया। धर्मेंद्र को मिले मुख्य सम्मानों में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड (1997) पद्म भूषण (2012),भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला तीसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान

नेशनल अवॉर्ड (फिल्म 'घायल' के लिए, एक निर्माता के रूप में) जी सिने अवॉर्ड्स, स्टारडस्ट अन्य मंचों परभी वह अनेक बार सम्मानित हुए ।

हर बड़े कलाकार की तरह धर्मेंद्र का जीवन भी विवादों से अछूता नहीं रहा । उनकी दूसरी शादी हमेशा चर्चा में रही, विशेषकर तब जब उन्हें अपनी पहली पत्नी से तलाक लिए बिना दूसरी शादी करने का आरोप झेलना पड़ा। और यहां तक कहा गया कि उन्होंने हेमा मालिनी से शादी करने के लिए अपना धर्म तक परिवर्तित कर लिया था लेकिन धर्मेंद्र हेमा मालिनी से विवाह के उपरांत भी प्रकाश कौर से पहले की तरह ही जुड़े रहे और अंत तक उनके साथ रहे।

धर्मेंद्र ने भी राजनीति में प्रवेश किया और 2004 में भाजपा उम्मीदवार के रूप में वे बीकानेर से लोकसभा सांसद बने, लेकिन संसद में उनकी गैर-हाज़िरी आलोचना का विषय बनी रही । बाद में उन्होंने स्वयं स्वीकार किया कि राजनीति उनके स्वभाव के अनुरूप नहीं थी और वे स्क्रीन पर अभिनय को ही अपनी असल पहचान मानते थे।

धर्मेंद्र की सबसे बड़ी खूबी थी उनकी सादगी और ईमानदारी। आम आदमी की भावनाओं को समझना और उन्हें जीवंत करना उनकी खासियत रही। यही वजह है कि वे गांवों से लेकर बड़े शहरों तक हर वर्ग के दर्शकों के हीरो बने। आज भी सोशल मीडिया पर उनकी विनम्रता, खेतों से जुड़े वीडियो और सरल जीवनशैली दर्शकों को उनसे जोड़ती है। उन्होंने अपनी उम्र के साथ किसी दिखावे की कोशिश नहीं की-यह गुण उन्हें और भी विशिष्ट बनाता है। धर्मेंद्र सिर्फ अभिनेता नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा का एक अध्याय हैं। उनकी फिल्में, संवाद, किरदार और व्यक्तित्व आज भी प्रेरणा देते हैं। उनकी विरासत को आगे बढ़ाते सनी देओल, बॉबी देओल, ईशा देओल, और अब अगली पीढ़ी के युवा कलाकार भी उनकी सीख और अनुभव से लाभान्वित हो रहे हैं।

धर्मेंद्र का जीवन संघर्ष, सपनों , सफलता और सादगी का मेल है। उन्होंने अपनी मेहनत और अभिनय से भारतीय सिनेमा को कई यादगार चरित्र दिए। खास तौर पर समाज के पिछड़े और दबे हुए वर्ग की आक्रोश को उन्होंने अपने लाउड एक्टिंग रेंज से मुखर किया। धर्मवीर का जोशीला नायक, प्रतिज्ञा का मस्त मौला जट यमला पगला दीवाना, शोले का बीरू जब जब भी पर्दे पर दिखाई देंगे तब तब धर्मेंद्र याद आएंगे ही। उनका खास डायलॉग कुत्ते मैं तेरा खून पी जाऊंगा. लगभग हर फिल्म में दोहराया जाता था।

धर्मेंद्र की दरियादिली, आगे बढ़कर लोगों और दोस्तों की मदद करना, फिल्म के छोटे कलाकारों को आगे बढ़ाने और बड़े कलाकारों को अपने अभिनय से टक्कर देने के किस्से अब किस्सा बन चुके धर्मेंद्र को बस यादों में ही याद कराएंगे ।

बड़े कलाकार और बढ़िया इंसान के रूप में धर्मेंद्र को शत-शत नमन।

-लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं

# जी-20 शिखर सम्मेलन में नरेंद्र मोदी के सुझावों की रोशनी



ललित गर्ग

जी-20 शिखर सम्मेलन का उद्घाटन सत्र इस बार जिस गंभीर मुद्दे पर केन्द्रित रहा, वह दुनिया के सामने उभरते खतरों की बदलती प्रकृति को स्पष्ट करता है। भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के साथ-साथ ड्रग तस्करी को भी वैश्विक शांति, सुरक्षा और मानव अस्तित्व के लिए उतना ही घातक बताया जितना किसी संगठित हिंसा को माना जाता है। उनकी यह चेतावनी केवल कूटनीतिक वक्तव्य नहीं बल्कि बढ़ती वैश्विक वास्तविकताओं का सटीक विश्लेषण है। यह तथ्य अब निर्विवाद है कि मादक पदार्थों की तस्करी आतंकवाद को ईंधन प्रदान करने वाला सबसे बड़ा स्रोत बन चुकी है। अरबों डॉलर का यह अवैध व्यापार केवल अपराध जगत को नहीं बल्कि राष्ट्रों की सुरक्षा, समाज की स्थिरता और युवाओं के भविष्य को भी चूर-चूर कर रहा है।

मोदी ने अपने संबोधन में साफ कहा कि दुनिया के बड़े राष्ट्रों को ड्रग-माफिया और उसके आतंकवाद से जुड़े वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी। दुनिया आज जिस गति से नए-नए मादक पदार्थों के जाल में फंसती जा रही है, वह वैश्विक चिंता और भी बढ़ाता है। फेंटानाइल जैसे अत्यंत खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स ने अमेरिका में स्वास्थ्य-संकट की भयावह स्थिति पैदा कर दी है, जहां प्रतिदिन अनेक लोग इसके कारण जान गंवा रहे हैं। यह संकट किसी एक देश की समस्या नहीं, बल्कि मानव जीवन पर मंडरा रहा एक वैश्विक खतरा है। यह मानना भूल होगी कि ऐसे ड्रग्स केवल एक महाद्वीप तक सीमित रह सकते हैं; संगठित तस्करी के नेटवर्क इसकी पहुंच दुनिया के किसी भी कोने तक ले जा सकते हैं। यही कारण है कि मोदी ने चेताया कि यदि अभी निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई, तो यह त्रासदी अन्य देशों में भी फैल सकती है।

ड्रग्स माफिया केवल एक आपराधिक व्यापार नहीं, बल्कि मानव समाज की जड़ों को खोखला करने वाला वैश्विक संकट है। नशे का कारोबार सीमाओं, कानूनों और नैतिक मूल्यों-तीनों को धत्ता बताकर फैल रहा है। यह न केवल युवाओं के भविष्य को निगल रहा है, बल्कि देशों की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक व्यवस्था को भी कमजोर कर रहा है। इसलिए ड्रग्स माफिया का खतरा अब केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। दुनिया भर में नशे का अवैध व्यापार एक विशाल संगठित नेटवर्क के रूप में विकसित हो चुका है, जिसमें माफिया, कार्टेल, हथियार गिरोह, आतंकवादी संगठन और भ्रष्ट तंत्र की गहरी सांठगांठ शामिल है। यह नेटवर्क इतना शक्तिशाली है कि कई देशों में यह समानान्तर सत्ता जैसा व्यवहार करता है। अफगानिस्तान, मैक्सिको, कोलंबिया, म्यांमार, नाइजीरिया, रूस और यूरोप तथा एशिया के अनेक हिस्सों में ड्रग्स कार्टेलों ने शासन प्रणालियों को चुनौती दी है। अनेक जगह तो स्थितियां ऐसी बन जाती हैं कि सरकारें या तो इस लड़ाई में कमजोर पड़ जाती हैं या फिर समझौते करने को मजबूर हो जाती हैं। मोदी ने इस पर नियंत्रण के लिये दुनिया को एकजुट होने की आवश्यकता व्यक्त की।

जी-20 देशों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे ड्रग्स के अवैध उत्पादन, वितरण, ऑनलाइन डार्क-नेट व्यापार, क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से होने वाले भुगतान और सीमा-पार तस्करी पर न केवल नियंत्रण करें बल्कि इसके खिलाफ साझा रणनीति भी अपनाएं। मोदी ने इस दिशा में कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए-प्रत्येक देश में अवैध वित्तीय गतिविधियों पर कड़ा नियंत्रण, एआई के दुरुपयोग को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास,




डेटा साझाकरण को बढ़ावा, तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ करना तथा डिजिटल और साइबर अपराधों के विरुद्ध नई वैश्विक नीति बनाना। एआई का दुरुपयोग आज केवल गलत सूचना फैलाने या साइबर अपराध तक सीमित नहीं रहा; उसके माध्यम से ड्रग्स की ऑनलाइन बिक्री, नकली पहचान, एन्क्रिप्टेड चैनल और तस्करों के गुप्त नेटवर्क को चलाने में भी व्यापक उपयोग होने लगा है। इस पर रोक अब सामूहिक प्रयासों के बिना संभव नहीं।

इस वर्ष का जी-20 शिखर सम्मेलन अमेरिका की अनुपस्थिति के बावजूद काफी सफल माना गया। यह सफलता केवल उपस्थिति की संख्या में नहीं बल्कि चर्चाओं की गुणवत्ता, मुद्दों की गंभीरता और लिए गए निर्णयों के ठोस स्वरूप में दिखाई दी। बड़े देशों का एक-दूसरे से समन्वय और वैश्विक चुनौतियों को लेकर स्पष्टता इस सम्मेलन की बड़ी उपलब्धि रही। दुनिया का बदलता भू-राजनीतिक वातावरण, यूक्रेन और मध्य-पूर्व जैसे संघर्ष, आर्थिक अनिश्चितताएं और ग्लोबल साउथ की महत्वाकांक्षाएं-इन सबके बीच भी यह सम्मेलन शांत, रचनात्मक और समाधान-उन्मुख रहा। यह संकेत है कि दुनिया के राष्ट्र अब प्रतिस्पर्धा से ज्यादा सहयोग को प्राथमिकता देने लगे हैं। ड्रग-तस्करी और आतंकवाद जैसे मुद्दे किसी भी देश की सीमाओं में बंधे नहीं रह सकते; इसलिए उनका समाधान भी सीमाओं के पार सहयोग से ही संभव है।

मोदी के सुझावों का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि भारत लंबे समय से सीमा-पार आतंकवाद का शिकार रहा है और दक्षिण एशिया में ड्रग-तस्करी का एक बड़ा ट्रांज़िट-पॉइंट भी बनता रहा है। भारत ने तकनीक, कानून और कूटनीति-तीनों स्तरों पर इस खतरे से मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनसे दुनिया सीख सकती है। भारत का अनुभव बताता है कि ड्रग-नेटवर्क को समाप्त करने के लिए तीन मोर्चों पर काम करना अत्यंत आवश्यक है-कड़ी सीमा निगरानी, सोशल-मीडिया एवं एआई आधारित निगरानी तंत्र को मजबूत करना, और युवाओं में नशामुक्ति एवं जागरूकता को बढ़ाना। केवल कानून पर्याप्त नहीं; सामाजिक-मानसिक जागरूकता भी उतनी ही जरूरी है।

जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्रिय, प्रभावशाली और केंद्रीय उपस्थिति ने एक बार फिर सिद्ध किया कि वे आज वैश्विक परिदृश्य के सबसे सशक्त, निर्णायक और भरोसेमंद नेताओं में अग्रणी हैं। अमेरिका की अनुपस्थिति के बावजूद विश्व मंच पर नेतृत्व का जो शून्य बन सकता था, उसे मोदी ने अपने संयमित, दूरदर्शी और कूटनीतिक करिश्मे से भर दिया। ड्रग-तस्करी, आतंकवाद, एआई के दुरुपयोग, वैश्विक अर्थव्यवस्था, ग्लोबल साउथ और मानव-कल्याण जैसे विविध मुद्दों पर उनकी स्पष्ट दृष्टि और व्यावहारिक समाधान ने दुनिया को यह विश्वास दिलाया कि भारत न केवल उभरती शक्ति है बल्कि स्थिर और सकारात्मक दिशा दिखाने वाला पथ-प्रदर्शक भी है। उनकी उपस्थिति ने यह भी रेखांकित किया कि बदलती वैश्विक राजनीति में जहां कई राष्ट्र आंतरिक संघर्षों और नीतिगत अनिश्चितताओं से जूझ रहे हैं, वहीं भारत एक विश्वसनीय, स्थिर और दूरदर्शी नेतृत्व प्रस्तुत कर रहा है। मोदी का यह उभार केवल भारत की प्रतिष्ठा को ऊंचा नहीं उठाता बल्कि दुनिया को एक ऐसे नेतृत्व का विकल्प देता है जो विकास, शांति, सुरक्षा और वैश्विक सहयोग के नए मॉडल को आगे बढ़ा सकता है और यही आज की दुनिया के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की एकात्म मानववाद के दर्शनशास्त्र को वैश्विक विकास के भविष्य में महत्वपूर्ण बताते हुए दुनिया से इसे अपनाने की अपील की। मोदी ने पारंपरिक ज्ञान, स्वास्थ्य क्षेत्र, क्रिटिकल मिनरल्स, सैटेलाइट डेटा एक्सेस, अफ्रीका में क्षमता निर्माण और ड्रग-टेरर नेटवर्क के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। उनका कहना था कि इससे दीर्घकालिक शांति, मज़बूती और सतत विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के अध्यक्षता की प्रशंसा की, जिसने कौशल आधारित प्रवासन, पर्यटन, खाद्य सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल अर्थव्यवस्था, नवाचार और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने यह भी बताया कि नई दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन में लिए गए कई ऐतिहासिक निर्णयों पर आगे कार्य हो रहा है। जी-20 शिखर सम्मेलन का संकेत स्पष्ट हैः दुनिया अब नए खतरे पहचान रही है और उन पर सामूहिक कार्रवाई के लिए तैयार भी हो रही है। आतंकवाद और ड्रग-तस्करी के गहरे रिश्ते को तोड़ना वैश्विक शांति के लिए अनिवार्य है। यदि आर्थिक, स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित समाज बनाना है, तो ड्रग-पर नियंत्रण करना ही होगा। दुनिया की बढ़ती असुरक्षा का मुकाबला केवल हथियारों से नहीं, बल्कि जागरूकता, संयम, शिक्षा और संवेदनशीलता से होगा। जब तक हम नशे के इस वैश्विक खतरे को एक सामूहिक लड़ाई न मानें, तब तक सुरक्षा केवल एक भ्रम बनी रहेगी। समाज को नशे के खिलाफ खड़ा करना आज समय की बड़ी मांग है-क्योंकि यह केवल एक अपराध के खिलाफ संघर्ष नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य देने का संकल्प है। -लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## वर्ग पहेली नं. 3273

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| | ■ | | ■ | 6 | | 7 | ■ | ■ | |
| 8 | 9 | | 10 | ■ | 11 | | | 12 | |
| 13 | | ■ | 14 | 15 | | | ■ | | ■ |
| ■ | 16 | 17 | ■ | | ■ | ■ | 18 | | 19 |
| 20 | | | ■ | 21 | | 22 | | ■ | |
| | ■ | 23 | 24 | | ■ | | ■ | 25 | |
| 26 | 27 | ■ | | ■ | 28 | | 29 | ■ | |
| 30 | | | ■ | 31 | | ■ | 32 | | |

*बायें से दायें:-* 1) आकस्मिक, 4) प्रतिष्ठा, 6) आकर्षक, 8) बेईज्जत, 11) चिन्ह, 13) मुखस्राव, 14) चप्पू, 16) घाव, 18) श्वास-रुद्ध, 20) सब, 21) वैमनस्य, 23) हंडा, 25) परछाई, 26) हिंदुओं के आदि धर्मग्रंथ, 28) तत्पर, 30) कामना, 31) राष्ट्र, 32) समतल.

*ऊपर से नीचे:-* 1) छबीला; मनमौजी, 2) भाग्य, 3) पोशाक, 5) बगीचे (विशेषकर चाय के), 7) शरीर का मध्यभाग, 9) पहरेदार, 10) सौन्दर्य, 12) कदाचित्, 15) तीर रखने का चोंगा, 17) पर्यन्त, 18) पुत्री, 19) नष्ट, 20) एकत्र, 22) कृष्ण, 24) अनाड़ी; मूर्ख, 27) साँस, 28) आवेग-पूर्ण क्रोध, 29) आसव; स्वाद.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | गु | ना | ह | ■ | आ | ढ़ | त | ■ | सु |
| ग | ■ | ज़ु | ■ | जा | ली | ■ | ल | ■ | म |
| म | ट | क | ना | ■ | शा | लि | वा | ह | न |
| ■ | क | ■ | जा | पा | न | ■ | ■ | ड़ | ■ |
| प | रा | ज | य | ■ | ■ | सु | भी | ता | ■ |
| च | ना | ■ | ज़ | ब | ड़ा | ■ | त | ल | ब |
| ह | ■ | माँ | ■ | क | ■ | ब | री | ■ | ग़ा |
| त्त | ■ | ग | ड़ | ब | ड़ि | या | ■ | ■ | व |
| र | खा | ना | ■ | क | ■ | ना | श | पा | ती |

## सुडोकू-पहेली-3232

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | |
| 4 | | 1 | | | 8 | | | |
| 7 | | | | | | | 6 | 8 |
| | 9 | 5 | | | | 7 | 1 | 6 |
| | | | 5 | | 1 | | 2 | |
| | | 3 | | 6 | | | | |
| 2 | | | | | | | 7 | |
| | | 4 | 6 | 5 | | | | |
| | | 9 | 3 | | 7 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3231 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 5 | 6 | 7 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 4 | 2 | 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 5 | 4 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 | 3 |
| 8 | 6 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 9 | 5 | 8 | 4 |
| 7 | 9 | 6 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 2 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 3 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 9 |

# अब तृणमूल दिल्ली में एसआईआर के खिलाफ होगी मुखर, अभिषेक ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना

## अभिषेक बनर्जी ने चुनाव आयोग से मिलने के लिए दस सांसदों की बनाई टीम

**कोलकाता, समाज्ञा :** सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ अब दिल्ली में मुखर होने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को पार्टी नेताओं के साथ वर्चुअल बैठक कर अपनी तैयारी शुरू कर दी। उन्होंने पार्टी के दस सांसदों की एक टीम बना कर उन्हें खास जिम्मेदारियां दी है। उन्हें दिल्ली में चुनाव आयोग के दफ्तर में जाकर मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने का निर्देश दिया है। अभिषेक ने कहा है कि वे आयोग से मिले और बिना योजना के हो रहे एसआईआर को लेकर सारी समस्याओं से अवगत कराएं। सूत्रों के मुताबिक, इस 10 सदस्यीय टीम में लोकसभा में तृणमूल के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय, वरिष्ठ सांसद सौगत राय, कल्याण बनर्जी, डेरेक ओ'ब्रायन, शताब्दी राय, डोला सेन, महुआ मोइत्रा, प्रकाश चिक बड़ाइक, सजदा अहमद, ममताबाला ठाकुर और साकेत गोखले शामिल हैं। अभिषेक ने यह भी कहा कि सुदीप बंद्योपाध्याय बीमार हैं, इसलिए अगर हो सका तो वे दिल्ली जाएंगे, नहीं तो यह जिम्मेदारी नौ सांसदों पर ही रहेगी। अभिषेक ने साफ-साफ बताया है कि तृणमूल दिल्ली में एसआईआर के खिलाफ




किस तरह मुखर होगी। उनके मुताबिक, चुनाव आयोग के पास गलतियों की सूची नहीं होगी और लोगों को परेशान किया जाएगा। बिना प्लान के एसआईआर समाज के लिए नुकसानदायक है। जो लोग मारे गए हैं, उन्होंने आयोग को दोषी ठहराया है, तो फिर आयुक्त के खिलाफ एफआईआर क्यों नहीं होगी? यह सवाल तृणमूल के महासचिव ने उठाया है। दो महीने में एसआईआर के जल्दबाजी में हुए काम से जो दिक्कतें आई हैं, उन्हें आयोग के ऑफिस में अच्छे से पेश किया जाना चाहिए। सोमवार को अभिषेक बनर्जी ने एसआईआर के कार्यों से जुड़े पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भी वर्चुअल मीटिंग की। वहां उन्होंने काम की प्रोग्रेस के बारे में पूछा। तृणमूल महासचिव ने जिम्मेदार लोगों को सख्त संदेश दिया कि जहां कम काम हुआ है, वहां काम पूरा करने की समय सीमा तय की। यह काम आसानी से हो, इसके लिए अभिषेक ने राज्य के मंत्रियों और विधायकों को अलग-अलग जोन में बांटकर उन्हें अतिरिक्त जिम्मेदारियां दी हैं।

**❑ तृणमूल महासचिव ने विधायकों को दिया बीएलए से संपर्क का आदेश**

उन्होंने सभी विधायकों को निर्देश दिया है कि अगले 10 दिनों तक बीएलए से फोन पर या उनके घर पर संपर्क करें और उन्हें सक्रिय रहने के लिए कहें तथा वीडियो कॉल पर उन्हें प्रोत्साहित करें। इसके साथ ही बीए-लओ की भूमिका और लोगों की प्रतिक्रिया पर फीडबैक लेने के लिए भी कहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा सांसद बीईआरएस और टीईआरएस को फोन करेंगे और उन्हें प्रोत्साहित करेंगे। यह प्रक्रिया 7 दिनों तक जारी रहेगी। हर 15 दिन में चेयरपर्सन ममता बनर्जी को एक रिपोर्ट भेजी जाती है। इस कार्य के लिए सांसदों और विधायकों की भूमिका के बारे में टीएमसी 6 तारीख को एक रिपोर्ट सौंपेगी।

# काम के 'अत्यधिक' दबाव को लेकर बीएलओ ने किया प्रदर्शन




**❑ सीईओ ऑफिस के बाहर धरने पर बैठे प्रदर्शनकारी, पुलिस ने घसीटकर निकाला बाहर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में शामिल बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) ने सोमवार को काम के कथित तौर पर अत्यधिक दबाव के विरोध में प्रदर्शन के दौरान यहां सीईओ कार्यालय में घुसने की कोशिश की और पुलिस कर्मियों के साथ हाथापाई की। इस दिन, बीएलओ अधिकार रक्षा समिति के सदस्यों ने उत्तर कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से जुलूस निकाला, जिसमें ताले और बेड़ियां लेकर प्रतीकात्मक रूप से उस भवन के मुख्य द्वार को बंद किया गया, जिसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) का कार्यालय स्थित है। अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने मध्य कोलकाता स्थित सीईओ कार्यालय में घुसने के लिए पुलिस अवरोधक तोड़ने की कोशिश की। प्रदर्शनकारी बीए-लओ ने निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारे लगाए और आरोप लगाया कि उन्हें जुलूस निकालने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि निर्वाचन आयोग ने एसआईआर कवायद के दौरान अत्यधिक और अमानवीय कार्य दबाव की उनकी शिकायतों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। समिति ने यह भी आरोप लगाया कि बीएलओ बीमार पड़ रहे हैं और उनमें से दो ने तनाव के कारण आत्महत्या कर ली। इस बीच, एक अन्य संगठन, बीएलओ ओइक्या मंच ने गणना प्रपत्रों के डिजिटलीकरण से संबंधित मुद्दों को अलग से उठाया और अतिरिक्त सहायक कर्मचारियों की मांग की।

### मंत्री सुजीत बसु के बेटे ईडी ऑफिस में हुए पेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** आखिरकार, राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजीत बसु के बेटे समुद्र बसु सोमवार को साल्टलेक स्थित केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के ऑफिस में पेश हुए। सूत्रों के मुताबिक, इस दिन, दोपहर 12 बजे वह सीजीओ में ईडी ऑफिस में पेश हुए। इसके तुरंत बाद पूछताछ का दौर शुरू हो गया। सूत्रों के मुताबिक, जांच अधिकारी नगर निकाय भर्ती में भ्रष्टाचार की जांच के आधार पर समुद्र से पूछताछ कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले, राज्य के मंत्री सुजीत बसु की पत्नी ने पिछले बुधवार को ईडी के समन से परहेज किया था। और गुरुवार को मंत्री के बेटे समुद्र बसु ईडी के समन पर पेश नहीं हुए थे। उस समय समुद्र ने 'पर्सनल काम की वजह से' किसी और दिन पूछताछ के लिए बुलाने की रिक्वेस्ट भी की थी।

# निजी परिसर में मतदान केंद्र के प्रस्ताव पर ममता ने जताई आपत्ति, चुनाव आयोग को लिखा पत्र

## मुख्यमंत्री ने पूछा... 'आउटसोर्स करने की जरूरत क्यों पड़ रही?'

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को विस्तृत पत्र लिखकर राज्य में जारी चुनाव संबंधी तैयारियों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर कड़ी आपत्ति जताई है। मुख्यमंत्री ने पत्र में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मांगे गए प्रस्ताव पर सवाल उठाए हैं। इसके तहत एक वर्ष की अवधि के लिए 1000 डेटा एंट्री ऑपरेटर और 50 सॉफ्टवेयर डेवलपर नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा गया है। साथ ही, पत्र में कहा गया है कि जब जिला प्रशासन के पास पहले से ही कुशल कर्मियों की पर्याप्त संख्या मौजूद है तो फिर इस काम को बाहरी एजेंसी को सौंपने की आवश्यकता क्यों उत्पन्न हुई? मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया है कि यह पहल किसी राजनीतिक दबाव में हो सकती है, जिससे प्रक्रिया की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। उन्होंने पूछा कि नई एजेंसी के माध्यम से नियुक्त किए जाने वाले कर्मचारियों और वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों के बीच सेवा शर्तों में क्या अंतर होने जा रहा है और क्या इस कदम से किसी दल विशेष को लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग के उस प्रस्ताव पर गहरी आपत्ति दर्ज कराई है, जिसमें निजी आवासीय परिसरों के अंदर मतदान केंद्र स्थापित करने की बात कही गई है। उन्होंने लिखा है कि मतदान केंद्र हमेशा से सरकारी या अर्ध-सरकारी संस्थानों में ही स्थापित किए जाते रहे हैं ताकि निष्पक्षता, सुगमता और तटस्थता सुनिश्चित की जा सके। निजी परिसर न केवल स्थापित मानकों का उल्लंघन करते हैं बल्कि आम नागरिकों और विशेष वर्ग के निवासियों के बीच भेदभाव की स्थिति भी उत्पन्न करते हैं। मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव को अत्यंत समस्याग्रस्त बताते हुए प्रश्न किया है कि ऐसी योजना पर विचार भी क्यों किया जा रहा है और क्या यह भी किसी राजनीतिक उद्देश्य को साधने का प्रयास है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे निर्णय से चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। अंत में, उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से आग्रह किया है कि वे इन दोनों मुद्दों की गंभीरता, निष्पक्षता और पूर्ण पारदर्शिता के साथ जांच करें। उन्होंने कहा कि आयोग की गरिमा, तटस्थता और विश्वसनीयता किसी भी परिस्थिति में प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

### मुख्य चुनाव अधिकारी ने टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स के साथ की बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने सोमवार को सर्वर से जुड़ी दिक्कतों को देखने के लिए टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स के साथ बैठक की। इसमें जियो, एयरटेल, बीएसएनएल समेत कुल आठ ऑपरेटर्स के प्रतिनिधि शामिल हुए। आयोग सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में बताया गया कि अगर कोई बीए-लओ किसी खास इलाके में स्लो इंटरनेट की वजह से फॉर्म अपलोड नहीं कर पा रहा है, तो वह तुरंत अपनी लोकेशन और दिक्कत की जानकारी संबंधित ऐप पर भेजेगा। शिकायत दर्ज होते ही ईआरओ और एईआरओ स्थानीय सर्विस प्रोवाइडर को मामले की जानकारी देंगे। ऑपरेटर्स ने भरोसा दिलाया है कि उसी समय दिक्कत को ठीक करने का इंतज़ाम किया जाएगा। साथ ही, बीएलओ ऐप पर ही रियल-टाइम में प्रोग्रेस की जानकारी भी मिलेगी। सभी जिलों के डीईओ इस ऐप पर हैं। इसलिए, अगर उन्हें ऐसी दिक्कतें (स्लो सर्वर वगैरह) की शिकायत मिलती है, तो डीईओ खुद टेलीकॉम ऑपरेटर कंपनियों से कॉन्टैक्ट करेंगे। ऐसे निर्देश सीईओ ऑफिस की तरफ से दिए गए हैं।

**NAME AND D.O.B CHANGE**

I, Mostakim Shekh Father of No. 15707468P, Rank-NK, Name- Alam Shaikh presently residing at Gopalpur Paschimpara, Nalhati, Birbhum, West Bengal, Pin-731220. My name and D.O.B has been recorded incorrectly in my son service record. I do hereby declared that have changed my name from Mustakim Shaikh and D.O.B- 01.01.1959 to Mostakim Shekh and 04.03.1958 Vide affidavit before the Ld. Notary Public Govt of India at Kolkata (W.B.) dated 18.11.2025

**TENDER NOTICE**

**N.I.T. Memo no.- SDG / CW / 2025 / 05 Date : 18.11.2025**

The Teacher In-Charge, Subdi Devjani Girls High School, invites Percentage rate tenders for 01 no. construction of addition classroom (1 no.) at Ground Floor & Supply of Installation of 5 KVA on grid Solar power Plant and Instalation of 4 nos. Solar Street Light and Supply of Smart Classroom equipment. Intending Bidders may access detailed information & respond from e-procurement portal of our website https://www.wbtenders.gov.in. In from : 18/11/2025 to 05/12/2025 upto 11:00 Hours.

Sd/-TIC
Subdi Devjani Girls High School
PO- Subdi, Dist.- Purba Medinipur

Office of the Municipal Councillors
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201

Notice Inviting e-Tender

e-Tender is invited from experienced and resourceful bidders vide **NIT No- WBMAD/ULB/SRMP/APAS/NIT-46/2025-26, Date: 24/11/2025.** Number of work- SL. 01 to 31. Bid Submission Start Date (online): **24/11/2025 at 03.00 P.M.** Bid Submission Closing Date (online): **24/12/2025 at 03.00 P.M.** Bid Opening Date for Technical Proposals (online): **26/12/2025 at 03.00 P.M.** For details of the project go through **http://wbtenders.gov.in** and **www.seramporemunicipality.net/tenders**

Sd/-
Chairman
Serampore Municipality

# राज्यपाल ने हकीमपुर सीमा चौकी पर हालात का लिया जायजा

## बीएसएफ अधिकारियों के साथ राज्यपाल ने की बैंठक, कहा...'किसी भी अवेंध घुसपैंठिए को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा'

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से बांग्लादेशी घुसपैठियों के लगातार वापस भागने की घटनाओं के बीच राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने सोमवार को उत्तर 24 परगना जिले के हकीमपुर में भारत-बांग्लादेश सीमा का दौरा कर हालात का जायजा लिया। राज्यपाल ने हकीमपुर सीमा चौकी इलाके में फेंसिंग (बाड़) व बिना फेंसिंग वाली सीमा का गहन निरीक्षण किया और भारत से बांग्लादेश में अवैध घुसपैठियों की आवाजाही का जायजा लिया। राज्यपाल ने बीएसएफ अधिकारियों के साथ भी बैठक की और अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा व घुसपैठियों की आवाजाही के संबंध में जानकारी ली। दरअसल, एसआईआर शुरू होने के बाद हकीमपुर सीमा चौकी इलाके से



होकर ही सबसे ज्यादा घुसपैठियों वापस अपने देश में लौटने की कोशिश कर कर रहे हैं। पिछले कई दिनों से हकीमपुर चेकपोस्ट के पास बड़ी संख्या में घुसपैठियों का जमावड़ा है, जो बांग्लादेश वापस लौटने की इजाजत मिलने के इंतजार में हैं। सीमा पर हालात का जायजा लेने के बाद, पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल ने कहा कि रियलिटी चेक हो गया है। मैंने बीएसएफ अधिकारियों के साथ इस पर विस्तार से बात की है, बॉर्डर इलाकों का दौरा किया है, और अपना खुद का असेसमेंट किया है। भारत में किसी भी अवैध घुसपैठिए को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारे अपने नियम और कानून हैं। बीएसएफ हमारी सीमाओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह मुस्तैद, मजबूत व प्रतिबद्ध है। हम यह ज़रूर देखेंगे कि भारत में भारतीय ही रहें, साथ ही वे लोग भी रहें जिन्हें यहां रहने की इजाजत है। इशारों में ममता सरकार पर निशाना साधते हुए बोस ने कहा कि एसआईआर के मुद्दे पर लोगों को गुमराह करने की एक सोची-समझी कोशिश लग रही है। एसआईआर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए एक जरूरी प्रकिया है। अगर कोई लोगों को बेवकूफ बनाने और समाज में फूट डालने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। भारत का संविधान काफी मजबूत है और हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में राज्यपाल की शक्तियों के बारे में कुछ बातें साफ की हैं। लोगों को गुमराह करना और समाज में बंटवारा पैदा करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बंगाल को हिंसा-मुक्त, भ्रष्टाचार-मुक्त बनाना है और हमारे पास एक विकसित बंगाल होना चाहिए। राज्यपाल ने यह भी कहा कि सीमा पर असल में जांच से पता चला कि सुरक्षा के लिए भारतीय नागरिकों के बांग्लादेश जाने के आरोप तथ्यों से साबित नहीं होते हैं। राज्यपाल ने यह भी कहा कि वहां (हकीमपुर) जाने पर मैंने सड़क किनारे एक विरोध करती भीड़ देखी। हमेशा की तरह, मैंने अपनी कार रोकी। मैं उनकी भावनाएं समझना चाहता था। उन्होंने मुझे बताया कि वे लोग एसआईआर के खिलाफ नहीं हैं। उनकी कुछ दूसरी लोकल शिकायतें थीं, जो उन्होंने मुझे बताईं, और मैंने उन्हें संबंधित अधिकारियों तक पहुंचा दिया है।

**Name Change**

I, MD NESAR AHMAD & MD NISAR AHMAD (OLD NAME), SON OF MD MUSLIM, RESIDING AT VILL-PALSAKHURD, PO-CHANDRADEEP, JAMUI-811301, BIHAR, HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCE-FORTH BE KNOWN AS NISAR AHMAD (NEW NAME) VIDE AN AFFIDAVIT SWORN BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 13/11/2025. MD NESAR AHMAD & MD NISAR AHMAD AND NISAR AHMAD BOTH ARE THE SAME AND ONE IDENTICAL PERSON.

**Public Notice: Loss of ID card**

This is to bring to the notice of the general public that one ID Card of Mr Basudev Das issued by ICICI Bank ltd. having ID card no. 2525457 has been found missing and/or lost on 19/11/2025. Anyone, who finds the said ID card, is requested to return the said ID card to the Manager Debt Services & Management Group, ICICI Bank Limited, Technopolis Building, 13th Floor, Sector- V, Salt Lake-700091.

Therefore, all the customers of ICICI Bank Limited are hereby notified not to make any payment to any unauthorised person holding the said ID card no 2525457

Please take further notice that anybody making payment to any person holding the said ID card shall do so at his/her own costs, risk and peril and ICICI Bank shall not be bound and/or responsible for any payment.

Date:24/11/2025

-sd-
Place : KOLKATA
For ICICI Bank Limited.

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

स्टोर्स सामग्री की प्राप्ति हेतु **ई-निविदा सूचना सं. 07/25-26 दिनांक 24.11.2025**, निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाएँ **www.ireps.gov.in** पर पूरे विवरण के साथ पहले ही अपलोड कर दी गई हैं। मैनुअल बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। किसी भी शुद्धिपत्र/संशोधन को केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 01251975 | डोर कंट्रोल यूनिट (डीसीयू) | 68 अदद | 15.12.2025 को 14.00 बजे |
| 01255075 | ट्रैक्शन कन्वर्टर के लिए इन्वर्टर फेज मॉड्यूल | 8 अदद | 01.12.2025 को 14.00 बजे |
| 03255043बी | 60 केजी (यूआईसी) रेल के लिए 1 इन 10 बिल्ट-अप क्रॉसिंग बीजी का निर्माण एवं आपूर्ति | 10 अदद | 29.11.2025 को 14.00 बजे |
| 02255193 | एजी-आरएक्स सेंसर, प्रॉक्सिमिटी स्विच, टीसीयू सेंसर आदि के लिए स्पेयर | 30 अदद<br>5 अदद<br>10 अदद<br>50 अदद<br>30 अदद<br>5 अदद<br>20 अदद | 18.12.2025 को 14.00 बजे |

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मेट्रो रेलवे, कोलकाता

हमें यहां देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**एसएलआर/एलवीपीएच पट्टे पर प्रदान करने के लिए ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: लीज-केजीपी-25-22** **दिनांक 24.11.2025**

राष्ट्रपति, भारत संघ के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा **ट्रेनों में पार्सलों के परिवहन हेतु 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए एसएलआर/एलवीपीएच पट्टे पर प्रदान करने** हेतु ई-नीलामियां आमंत्रित की जाती हैं, जिसे **https://www.ireps.gov.in/** वेबसाइट पर अधिसूचित कर दिया गया है। **श्रेणी:** पार्सल, **सूचीपत्र सं.:** लीज-केजीपी-25-22; **ई-नीलामी की तारीख:** 05.12.2025; **नीलामी शुरू होने का समय:** सुबह 10.30 बजे। **नीलामी बंद होने का समय:** अपराह्न 04.40 बजे। इच्छुक पार्टियां तथा ठेकेदारगण उपरोक्त विवरण पर ध्यान दें तथा ट्रेनों के विवरण तथा ई-नीलामी सूचना से संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लेखित वेबसाइट देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्पर्क करें।

(PR-874) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

### कृष्णानगर में महिला बीएलओ की मौत के विरोध में बुधवार को तृणमूल का प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कृष्णानगर की बीएलओ रिंकू तरफदार ने एसआईआर के भारी दबाव के कारण अपनी जीवन लीला समाप्त करने का निर्णय लिया है। अपने सुसाइड नोट में उन्होंने चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया है। इस घटना को लेकर तृणमूल कृष्णानगर में एसआईआर का विरोध प्रदर्शन करने जा रही है। जिला तृणमूल सूत्रों के अनुसार, 26 नवंबर बुधवार को कृष्णानगर में विरोध जुलूस और जनसभा होगी। इसमें स्थानीय सांसद महुआ मोइत्रा और पार्टी की युवा अध्यक्ष सायोनी घोष मौजूद रहेंगी। कृष्णानगर के कलेक्ट्रेट चौराहे से पोस्ट ऑफिस चौराहे तक जुलूस निकाला जाएगा। फिर, पोस्ट ऑफिस चौराहे पर जनसभा होगी।

# महाकालेश्वर मंदिर समेत पर्यटन परियोजनाओं को मंत्रिमंडल की बैठक में मिली हरी झंडी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले घोषणा की थी कि माटीगाड़ा में महाकालेश्वर मंदिर बनाया जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल ने उस परियोजना को लागू करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सोमवार की बैठक में इस बारे में एक बहुत जरूरी प्रस्ताव पास किया गया। इस दिन, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि माटीगाड़ा में लक्ष्मी टाउनशिप में कुल 25.15 एकड़ ज़मीन लीज होल्डर्स से सरकार के हाथ में आ जाएगी। इसमें से 17.41 एकड़ जमीन लैंड एंड लैंड रिफॉर्म्स डिपार्टमेंट के जरिए टूरिज़्म डिपार्टमेंट के तहत ट्रांसफर की जाएगी। बाकी हिस्सा भी चरणबद्ध तरीके से पर्यटन विभाग को जाएगा। यहां महाकालेश्वर



मंदिर के आस-पास एक बड़ा टूरिज़्म सेंटर बनाया जाएगा। वहीं, डाबग्राम मौजा में 10 एकड़ जमीन पर एक अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा।

**❑ ग्रामीण और शहरी इलाकों में बड़े पैमाने पर सड़कों का मरम्मत**

मंत्री ने कहा कि पथश्री-ग्रामीण परियोजना में भी काफी तरक्की हुई है। कुल 15,011 किमी सड़कों में से 9,000 किमी में काम पूरी हो चुकी हैं। 5,019 किमी सड़कों पर काम चल रहा है। दूसरी तरफ, 11,365 किमी शहरी सड़कों को बनाने या मरम्मत करने का काम भी तेजी से चल रहा है।

**❑ 'बांग्ला बाड़ी' परियोजना के लिए आवंटन बढ़ा**

इस दिन, चंद्रिमा ने केंद्र पर 'बांग्ला बाड़ी' परियोजना में 'वंचित' करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक 12 लाख घर बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि जनवरी तक 16 लाख 22 हजार 522 और बांग्ला बाड़ी बन जाएंगे।

**❑ राज्य में 10 और नए इंडस्ट्रियल पार्क**

रोजगार बढ़ाने के लिए, सरकार ने डब्ल्यूबीआईडीटीसी के तहत पूरे राज्य में इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने का फ़ैसला किया है। मंत्री चंद्रिमा ने कहा कि कल्याणी (नदिया), हावड़ा, बिष्णुपुर, फालता समेत कुल 8 नए इंडस्ट्रियल पार्क और कूचबिहार में 2 और नए इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जाएंगे। इसके अलावा, इंडस्ट्रियलाइजेशन को आगे बढ़ाने के लिए डब्ल्यूबीआईडीटीसी को उलुबेरिया, बिष्णुपुर, फालता, कल्याणी, कूचबिहार में नए प्लॉट दिए जा रहे हैं।

### बिमान बसु, सूर्यकांत मिश्रा, मोहम्मद सलीम समेत 22 नेताओं को मिली जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** वामफ्रंट चेयरमैन बिमान बसु, सूर्यकांत मिश्रा, मोहम्मद सलीम, सुजन चक्रवर्ती समेत 22 वाम नेताओं को सोमवार को 2020 के मामले में जमानत मिल गई। बता दें कि माकपा नेताओं ने मैदान थाना इलाके में मौन जुलूस निकालकर सरकार से कोरोना काल में कोरोना को रोकने के लिए सही कदम उठाने की मांग की थी। इसके बाद, इन माकपा नेताओं के खिलाफ मैदान थाने में डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के उल्लंघन समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया था। उस मामले में कोलकाता पुलिस ने 24 माकपा नेताओं के खिलाफ चार्जशीट फाइल की थी। इस दिन, 22 माकपा नेता कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने इन सभी को 500 रुपये के पर्सनल बॉन्ड पर ज़मानत दे दी। साथ ही, कोर्ट ने चार्ज फ्रेम करके इस केस का ट्रायल प्रोसेस शुरू कर दिया।

### तृणमूल नेता कुणाल घोष अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष सोमवार को अपने घर के बाथरूम में गिरने के कारण चोटिल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। सूत्रों के मुताबिक, बाथरूम में गिरने के कारण कुणाल घोष को गंभीर चोटें आई है। हालांकि, उनके परिवार और अस्पताल अधिकारियों ने खबर लिखे जाने तक स्पष्ट नहीं किया है कि कुणाल घोष को कहां चोट लगी है। फिलहाल, उन्हें साल्टलेक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां उनके एक्स-रे और स्कैन समेत सभी टेस्ट किए गए हैं। उनकी हालत स्थिर बताई गई है।

# शहर के होटलों में एक के बाद एक हत्या, लालबाजार ने 'सरप्राइज चेकिंग' के दिए आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुलिस को अब शहर के हर होटल में जाकर 'सरप्राइज़ चेकिंग' करनी होगी। होटल में किसी भी रहने वाले के आइडेंटिटी कार्ड चेक करने के साथ-साथ पुलिस को उनसे पूछताछ भी करनी होगी। पुलिस अधिकारी चेक करेंगे कि रहने वाले का चेहरा आइडेंटिटी कार्ड पर लगे फोटो से मैच करता है या नहीं। लालबाजार का यह आदेश शहर के हर थाने के ओसी को है। लालबाजार के सूत्रों ने बताया कि कोलकाता के पार्क स्ट्रीट और कस्बा में होटलों के अंदर कई मर्डर हुए हैं। इसी के चलते पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने रविवार को लालबाजार के अधिकारियों के साथ एक महतव्पूर्ण बैठक की। लालबाजार शहर के होटलों के लिए कई जरूरी गाइडलाइन भी तैयार कर रहा है। इसके अलावा, पुलिस कमिश्नर ने होटलों की सिक्योरिटी को लेकर भी पुलिस अधिकारियों को कई जरूरी निर्देश दिए है। शनिवार को क्राइम रोकने पर हुई बैठक में हर थाने के ओसी और डीडी के लालबाजार के अधिकारियों ने शहर के हर होटल में जाकर चेकिंग पर ज़ोर देने का आदेश दिया है। इसके लिए अभी से 'सरप्राइज़ चेकिंग' शुरू करनी होगी। 'रैंडम' तरीका या अचानक किसी होटल के दो या चार बोर्डर्स को रिसेप्शन पर आने के लिए कहना होगा। जरूरत पड़ने पर पुलिस उनके कमरों में भी जा सकती है। उनका आधार कार्ड या दूसरा पहचान पत्र और विदेशियों के मामले में पासपोर्ट, वीज़ा और दूसरे जरूरी पहचान पत्र चेक करने होंगे। बोर्डर्स के चेहरे पहचान पत्र की फोटो से मैच करने होंगे। पुलिस उनसे पता लगा सकेगी कि वे कहां से आए हैं, उनका अगला डेस्टिनेशन कहां है, उनका प्रोफेशन क्या है। पुलिस अधिकारियों को यह पता लगाना होगा कि वह जानकारी होटल के रजिस्ट्रार बुक में दी गई जानकारी से मैच करती है या नहीं। लालबाजार के मुताबिक, पुलिस अधिकारियों ने यह फैसला दिल्ली में हुए धमाकों और कई होटलों में हुई हत्याओं के बाद लिया है। पुलिस ने कहा कि अगर होटल निर्देशों का पालन नहीं करते हैं तो कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएलएस/एचडब्ल्यूएच/10/ 545/ईएमयू/आरटी-2 (खुली निविदा) दो पैकेट प्रणाली के सेवा अनुबंध में ई-निविदा प्रणाली के लिए, दिनांक: 20.11.2025,** वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (ईएमयू), पूर्व रेलवे, हावड़ा, पहली मंजिल, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** परिणाम के आधार पर 02 (दो) वर्ष की अवधि के लिए बर्द्धमान, रामपुरहाट और साइंथिया स्टेबलिंग यार्ड में ईएमयू रेक और एमईएमयू रेक (शौचालयों के साथ) की प्रतिदिन अंदरूनी शुष्क सफाई। **निविदा मूल्य:** रु. 2,02,86,159.51, **बयाना राशि जमा (ई.एम.डी.) :** रु. 2,51,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समाप्त होने की अवधि:** 730 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि:** 11.12.2025 को 12.00 बजे। **अनुबंध की किस्म:** सेवा। **बोली प्रणाली:** दो पैकेट प्रणाली। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-410/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EastemRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएच/578, दिनांक 22.11.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं. : एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/36/25-26/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** दमदम जंक्शन-बाली हाल्ट, दमदम जंक्शन-प्रिंसेप घाट, दमदम जंक्शन-बनगांव जंक्शन और बारासात जंक्शन-हासनाबाद की शाखा में एल/बॉक्स, सिग्नल पोस्ट, एलसी गेट आदि के पुनर्वास के साथ विश्वसनीयता सुधार कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.94,71,323.52, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति राशि जमा की जाएगी :** रु. 1,89,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 04.12.2025, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 18.12.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 18.12.2025 को 14.30 बजे। विवरण **www.ireps.gov.in** से देखा जा सकता है। **तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समप्रकृति के कार्य:** "डेटालॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ करना या कोई सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य जिसमें शामिल है ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या एलसी गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड रूपांतरण या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए-एसएसडीएसी) या ऑटोमेटिक सिग्नलिंग"। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-269/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# एसएससी भर्ती विवाद पर शिक्षक अभ्यर्थियों में आक्रोश, 10 अनुभव अंक और नियुक्तियों में देरी पर निकाली रैली

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) की भर्ती को लेकर नाराजगी एक बार फिर सड़क पर दिखी। सोमवार को एसए-लएसटी परिणाम जारी होने से कुछ घंटे पहले ही टीचर भर्ती उम्मीदवारों के दो समूहों ने कोलकाता में अलग-अलग विरोध प्रदर्शन किए। नए अभ्यर्थियों ने 'अनुचित' मार्किंग स्कीम पर सवाल उठाए, जबकि 2016 अपर प्राइमरी उम्मीदवारों ने नौ साल से लंबित नियुक्तियों में देरी को लेकर सड़कों पर उतरकर गुस्सा जताया। इस दिन, सुबह में नए एसएससी अभ्यर्थियों ने 11वीं-12वीं वर्गों की भर्ती में गैरकानूनी 10 एक्सपीरियंस मार्क जोड़ने का विरोध किया। सियालदह से निकले सैकड़ों उम्मीदवारों ने पुलिस बैरिकेड तोड़ते हुए एस्प्लेनेड के दोरीना क्रॉसिंग तक मार्च किया और करीब 40 मिनट तक मुख्य सड़क जाम कर दी। पुलिस ने उन्हें निर्धारित मार्ग से हटाने की कोशिश की, लेकिन अभ्यर्थियों ने वैकल्पिक रास्ता मानने से इनकार कर दिया। अंततः पुलिस को कई प्रदर्शनकारियों को शारीरिक रूप से हटाकर वाहनों में बिठाना पड़ा, जिसके बाद जाम खुल सका। नए अभ्यर्थियों की मुख्य मांग एसएससी द्वारा उन शिक्षकों को दिए गए 10 'अनुभव अंक' को हटाने की थी,



जिनकी नियुक्ति स्कूल भर्ती घोटाले में कोर्ट द्वारा रद्द की जा चुकी है। अभ्यर्थियों ने कहा कि जिन 12,000 से ज्यादा शिक्षकों की नौकरी सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल को रद्द की, उन्हें दोबारा परीक्षा में यह बोनस अंक देना असमानता है। कई उम्मीदवारों ने आरोप लगाया कि वे लिखित परीक्षा में पूर्ण अंक हासिल करने के बावजूद इस अतिरिक्त मार्किंग के कारण बाहर धकेल दिए जा रहे हैं। अभ्यर्थियों ने ओएमआर शीट सार्वजनिक करने और एक लाख अतिरिक्त पद सृजित करने की भी मांग रखी।

❑ **2016 बैच के उम्मीदवारों का अलग मोर्चा**

इसी दिन, 2016 की अपर प्राइमरी बैच के सैकड़ों उम्मीदवारों ने करुणामयी से विकाश भवन तक मार्च निकाला। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग एक दशक पहले परिणाम घोषित होने के बावजूद 14,052 उम्मीदवारों की भर्ती प्रक्रिया अधर में अटकी हुई है। उनमें से 1,241 उम्मीदवार सभी औपचारिकताएं, इंटरव्यू सहित, पूरी कर चुके हैं, लेकिन फिर भी नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया गया। अभ्यर्थियों ने केंद्रीय पार्क के पास धरना देते हुए कहा कि हर बार उन्हें अधिकारियों के बीच धकेला जाता है। कभी चेयरमैन के पास तो कभी विकास भवन के अफसरों के पास। 2016 बैच के उम्मीदवारों ने कहा कि उनकी काउंसलिंग अब तक नहीं कराई गई, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर 20 नवंबर तक की समयसीमा तय की थी। बावजूद इसके, प्रक्रिया शुरू नहीं होने से अभ्यर्थियों ने इसे कोर्ट आदेश की अवमानना बताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे लंबे समय से भर्ती का इंतजार कर रहे हैं और अब प्रशासनिक असमंजस की वजह से उनका भविष्य फिर रुक गया है।

## रामपुरहाट के तृणमूल पार्षद पर दुष्कर्म का मामला, जमानत खारिज

**✒ शिकायत के करीब तीन हफ्ते बाद भी आरोपी पार्षद पुलिस की गिरफ्त से बाहर, उठ रहे सवाल**

**बीरभूम :** जिले के रामपुरहाट में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी तृणमूल पार्षद की जमानत अर्जी सोमवार को सिउड़ी जिला जज ने खारिज कर दी। शिकायत दर्ज कराने के करीब तीन हफ्ते बाद भी आरोपी पार्षद को गिरफ्तार न किए जाने से पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गत 29 अक्टूबर को पीड़िता ने रामपुरहाट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि वार्ज एक के पार्षद शादी का झांसा देकर लंबे समय से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के



लिए मजबूर कर रहा था। हालांकि, आरोपी शादीशुदा है, लेकिन उसने कथित तौर पर यह जानकारी लंबे समय तक छिपाई रखी। युवती का दावा है कि उनके रिश्ते के दौरान उसके साथ कई बार दुष्कर्म हुआ और बाद में वह गर्भवती हो गई। 2020 में बच्चे का जन्म हुआ। इस बीच, जब मामला सामने आया, तो पीड़िता का अपने पति से तलाक का केस शुरू हुआ, जो अभी भी अनसुलझा है। शिकायत दर्ज कराने के बाद, आरोपी ने कई तरह की उलझनों के बीच गत 3 नवंबर को डिस्ट्रिक्ट जज कोर्ट में जमानत अर्जी दायर की। सुनवाई की तारीख 13 नवंबर तय की गई थी। हालांकि, उस दिन आरोपी के वकील ने और समय मांगा। इस दिन, फिर सुनवाई हुई, जिसमें जज ने साफ कहा कि ऐसे गंभीर आरोपों में फिलहाल जमानत का कोई चांस नहीं है। इसलिए अर्जी खारिज कर दी गई। इस बीच, पीड़िता का गुस्सा और बढ़ गया है। उसका आरोप है कि मामले की खबर सामने आने के बाद भी आरोपी खुलेआम इलाके में घूम रहा है। उसका तो यहां तक दावा है कि उसे और उसके परिवार को तरह-तरह की धमकियां दी जा रही हैं।

## गरिया में अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड का सम्मान समारोह

**कोलकाता, समाज्ञा :** 19 नवंबर को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में पुरुषों के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से सेनको गोल्ड एंड डायमंड गरिया शाखा और गरिया मानविक की ओर से 22 नवंबर को एक सादगीपूर्ण सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की जिम्मेदारी स्टोर मैनेजर विश्वजीत घोष और फ्लोर मैनेजर पिंकी दास ने संभाली। समारोह में समाज, शिक्षा, कला, सुरक्षा और खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से- देवव्रत सरकार (टूटू), अमर नाथ, प्रणब गुह ठाकुरता, दीप्तिकल्याण सेन शर्मा, अनुप कुमार राय, संजीव घोष, अरित्र दास गुप्ता,



सुमित घोष, रंजीत गुप्ता, अंजन विश्वास, रविराम राय, अनिरुद्ध भट्टाचार्य, अभिजीत सरकार, आलोक प्रसाद, अर्जुन भट्टाचार्य, माइकल बोस, विकास घोष, झलमल दत्ता और अनुप मिश्रा शामिल रहे। देवव्रत सरकार (टूटू) ने पुरुष दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के हर क्षेत्र में पुरुषों का योगदान महत्वपूर्ण है और इसे स्वीकार व सम्मानित किए जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने इस सराहनीय पहल के लिए सेंको गोल्ड एंड डायमंड गरिया शाखा को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कोलकाता में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे में सोमवार को कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति यौन उत्पीड़न की रोकथाम और कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम मेट्रो रेल भवन, कोलकाता में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक सुभ्रांशु एस. मिश्रा ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीय सदस्य डॉ. अर्चना मजूमदार ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को ऐसा वातावरण उपलब्ध कराना जरूरी है जिसमें वे निर्भय होकर और सम्मान के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा सकें। उन्होंने कार्यस्थल पर लैंगिक




समानता, सम्मान और सुरक्षित माहौल को सर्वोच्च प्राथमिकता बताए जाने पर जोर दिया। डॉ. मजूमदार ने पॉश अधिनियम के प्रावधानों, आंतरिक समिति की भूमिका तथा शिकायत निवारण तंत्र के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। वहीं, राष्ट्रीय महिला आयोग की अधिवक्ता दीपाली श्रीवास्तव ने पॉश अधिनियम 2013 और मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम 2017 पर प्रस्तुति दी तथा इनके व्यावहारिक प्रयोग से संबंधित दिशा-निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में मेट्रो रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी उपस्थित रहीं। कार्यशाला का उद्देश्य कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाकर कार्यस्थल को और अधिक सुरक्षित एवं सम्मानजनक बनाना था।

## श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी गुरुपर्व पर नगर कीर्तन का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज एवं गुरसिख शहीद भाई मती दास जी, भाई सती दास जी तथा भाई दयाला जी के 350वें शहीदी गुरुपर्व के उपलक्ष्य में 23 नवंबर को नगर कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे गुरुद्वारा गुरु का बाग, नारकेलडांगा से निशान साहिब और पंज प्यारे की अगवाई में नगर कीर्तन की शुरुआत हुई। यह नगर कीर्तन राजा बाजार, केशव चंद्र सेन स्ट्रीट, विधान सरणी, मुक्ताराम बाबू स्ट्रीट, बासतल्ला एवं कलाकार स्ट्रीट मार्ग से होते हुए गुरुद्वारा छोटा सिख संगत, कॉटन स्ट्रीट पहुँचकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने वाहे गुरु का कीर्तन करते हुए गुरु परंपरा और शहीदों के



साहस का स्मरण किया। कार्यक्रम के दौरान गुरु प्रेमी साध संगत, हजूरी रागी जत्थों, स्त्री सिख संगत और गुरमत पाठशाला के छात्रों द्वारा गुरु वाणी का गायन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। गुरुद्वारा छोटा सिख संगत में दोपहर 1 बजे से विशेष दीवान का आयोजन किया गया। दीवान की समाप्ति के बाद श्रद्धालुओं के लिए गुरु घर का अटूट लंगर वितरित किया गया। यह आयोजन गुरुद्वारा छोटा सिख संगत प्रबंधक कमेटी एवं गुरुपर्व कमेटी द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने भाग लेकर शहीदों की अमर विरासत को नमन किया।

## शादी के सीजन में सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स का बड़ा कदम, शानदार 'विवाह कलेक्शन' हुआ लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने शादी के सीजन को देखते हुए अपना नया वेडिंग विवाह कलेक्शन पेश किया है। दुल्हनों की पसंद को ध्यान में रखते हुए सोना, हीरा, प्लेटिनम, सिल्वर, गॉसिप व जेमस्टोन ज्वेलरी के आकर्षक डिजाइन इस कलेक्शन में शामिल किए गए हैं। कलेक्शन



को बॉलीवुड अभिनेत्री और ब्रांड एंबेसडर कियारा आडवाणी प्रमोट कर रही हैं। डायरेक्टर एवं हेड ऑफ मार्केटिंग ज्योति सेन ने कहा,भारतीय शादी सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि भावनाओं का उत्सव है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने ग्राहकों के खास पलों को और यादगार बनाएं। इस कलेक्शन की हर ज्वेलरी हमारे अनुभवी कारीगरों की महीन कला का प्रमाण है। हम चाहते हैं कि हर परिवार अपनी पसंद की ज्वेलरी को बजट के अनुरूप खरीद सके, इसलिए हमने अत्यंत लाभदायक ऑफर्स भी जोड़े हैं।

एमडी एवं सीईओ सुवांकर सेन ने कहा, ग्राहकों के अनुभव को उत्कृष्ट बनाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। इस शादी सीजन में हम न केवल मेकिंग चार्ज में आकर्षक छूट दे रहे हैं, बल्कि डायमंड, गॉसिप और जेमस्टोन पर भी स्पेशल ऑफर्स लागू किए गए हैं। हम मानते हैं कि ज्वेलरी सिर्फ एक खरीदारी नहीं, बल्कि जीवन के सबसे महत्वपूर्ण उत्सवों में एक भावनात्मक निवेश है-इसलिए हम चाहते हैं कि ग्राहक अधिकतम लाभ उठाएं और संतोष के साथ अपने सपनों की ज्वेलरी चुनें। सभी ऑफर्स 14 नवंबर से 14 दिसंबर 2025 तक सेनको के शोरूम और वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे। ऑफर्स में, गोल्ड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज में 35% तक छूट, डायमंड वैल्यू पर 20% तक छूट, पुराने सोने पर 0% डिडक्शन, गॉसिप ज्वेलरी पर 15% तक छूट और 5 लाख की खरीद पर 10 लाख तक ज्वेलरी वाउचर जीतने का अवसर है। इसके अलावा, शादी के लिए विशेष बंडल पैकेज भी पेश किए गए हैं, जो 5 लाख (गोल्ड) और 3 लाख (डायमंड ज्वेलरी) से शुरू होते हैं, ताकि हर बजट वाले ग्राहक अपनी पसंद के अनुरूप खरीदारी कर सकें।

## आईसीएआई ईआईआरसी का 50वां क्षेत्रीय सम्मेलन कोलकाता में रिकॉर्ड सहभागिता के साथ संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के ईस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल (ईआईआरसी) द्वारा कोलकाता में आयोजित 50वां (गोल्डन जुबली) क्षेत्रीय सम्मेलन ऐतिहासिक रहा। आई - एथिक्स, यूथ, इंपावर थीम पर आधारित इस दो दिवसीय सम्मेलन में पेशेवर नैतिकता, युवाओं की भूमिका और सदस्यों के सशक्तिकरण पर मुख्य फोकस रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन पश्चिम बंगाल के परिवहन विभाग के मंत्री-प्रभारी स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने किया, जबकि श्री सीमेंट लिमिटेड के चेयरमैन हरी मोहन बांगुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर आईसीएआई अध्यक्ष सीए चरणजोत सिंह नंदा, उपाध्यक्ष सीए प्रसन्ना कुमार डी, पूर्व अध्यक्ष तथा केंद्रीय व क्षेत्रीय परिषद के सदस्य मौजूद थे। इस सम्मेलन में 4,500 से अधिक




सदस्यों की रिकॉर्ड भागीदारी रही, जिसे अध्यक्ष ने ऐतिहासिक उपलब्धि करार देते हुए ईआईआरसी चेयरमैन सीए विष्णु कुमार तुलस्यान और उनकी टीम को बधाई दी। सीए नंदा ने कहा कि भारत तकनीक का वैश्विक नेतृत्व कर रहा है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सीए पेशे को प्रतिस्थापित नहीं बल्कि सशक्त कर रहा है। उन्होंने बताया कि आईसीएआई अब तक 30,000 सदस्यों को एआई प्रशिक्षण दे चुका है तथा छात्रों के लिए 'ऑरा' नामक विशेष एआई कोर्स भी शुरू किया गया है। हाल ही के सुप्रीम कोर्ट फैसले का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि 10 वर्ष के अनुभव वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट अब आईटीएटी में सदस्य (अकाउंटेंट) पद के लिए पूर्णत: पात्र हैं। सम्मेलन को यूएनएफसीसीसी द्वारा प्रमाणित कार्बन-न्यूट्रल आयोजन बनाया गया, जिसमें देश-विदेश के विशेषज्ञों ने तकनीकी सत्रों में विचार साझा किए और सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

## मां घर की छांह, यह श्रद्धा का पर्याय जिसकी अनुपस्थिति मन में खलती सदा

**कोलकाता, समाज्ञा :** डॉ. शिव ओम अम्बर की इन पंक्तियों के साथ कि मानस का स्वाध्याय रही मां, श्रद्धा का पर्याय रही मां, संध्या तुलसी पे संझवाती, प्रातः नमः शिवाय रही मां जब शिक्षिका दुर्गा व्यास ने पत्रकार सच्चिदानंद पारीक की माताजी सरस्वती देवी (व्यास) पारीक की स्मृति में आयोजित भजनांजलि कार्यक्रम की भूमिका रखी तो श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित हर एक व्यक्ति भावुक हो उठा। गायक सत्यनारायण तिवाड़ी ने निर्गुण भजनों की प्रस्तुति देते हुए जीवन का मूल सार प्रभु नाम ही सिर्फ एक आधार की भावाभिव्यक्ति देते हुए जीवन के सच्चे अर्थ से सभी को अवगत कराया। कलाकार स्ट्रीट ढ़ाका पट्टी स्थित श्री मैढ़ क्षत्रिय सभा भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पार्षद विजय उपाध्याय, उद्यमी पुरुषोत्तम मीमानी, समाजसेवी संजय



उपाध्याय, मोहनलाल पारीक, वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश चंडालिया, संजय हरलालका, जगमोहन जोशी, सुशील सिंह, आलोक खटेड़, नगेंद्र सिंह, पवन नागोरी, सचिन शर्मा, शीतल हर्ष, शिव सारदा, मधु शर्मा, समाजसेवी जगदीश प्रसाद सुगन्ध, देवीदत्त बरड़िया, दुलीचंद ढ़ल्ला, जेठमल रंगा, महेंद्र पुरोहित, स्वंयप्रकाश पुरोहित, राजीव जायसवाल, विकास चांडक, अविनाश गुप्ता, वेदप्रकाश जोशी, संजय बाहेती, सुशील कोठारी, पवन शर्मा, रघु शर्मा, प्रदीप सूंठवाल, किशन सूंठवाल, पवन पारीक, श्याम सुंदर ब्यास, किशन पुरोहित, गौतम गुप्ता, चंद्रशेखर बासोतिया, चंद्रू दम्मानी, नरेंद्र सिंघानिया, दाऊलाल ओझा, पं. मुन्ना महाराज, अशोक भादानी, सत्यनारायण बाहेती, बाबूलाल पारीक, चम्पालाल पारीक, मुल्तानमल पारीक, पवनकुमार पारीक, प्रभुदयाल पारीक, पूनम रंगा, श्याम सुंदर शर्मा, ईश्वर प्रसाद कानोड़िया, अमरचन्द-विधाधर पारीक, अनिल लाटा, राजकुमार शर्मा अलेबला, लक्ष्मी कुमार झुंझनोदिया, बाबा पिंटू, श्याम माटोलिया, पवन खेमका, राजू राठी, जय प्रकाश अग्रवाल, अमित गुप्ता, राजकुमार सराफ, प्रदीप अग्रवाल, ओमप्रकाश सांगानेरिया, गोवर्द्धन मूंधड़ा, देवेंद्र जोशी, ललित खेमका, गोविंद दास कोठारी, शशांक देरा-सरी, अमर तिवारी सहित अन्य कई गणमान्य जनों ने पुष्पांजलि अर्पण कर अपनी अपनी श्रद्धा प्रकट की। परिवार की ओर से बड़े पुत्र बीकानेर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नित्यानंद पारीक और विवेकानंद पारीक (कोलकाता) ने सभी समाज बंधुओं का आभार जताया। रामरतन पांड़िया, भंवरलाल व्यास, ऋषिकेश तिवाड़ी, रामाकान्त व्यास, पं. बलदेव व्यास, अशोक व्यास, प्रका बिट्टू जोशी, सुनील पारीक सहित अन्य परिजन भी इस दौरान उपस्थित रहें। रामदेव बाल मंडल (कोलकाता - रामदेवरा) , पारीक सभा, नागरिक स्वास्थ्य संघ, श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति, कोलकाता राजस्थान सांस्कृतिक विकास परिषद, विश्व ज्योति संघ एवं बाहेती भाईपा ने भी परिवार को अपनी ओर से सांत्वना प्रदान की।

## सियालदह मंडल में टिकट जांच कर्मचारियों के लिए 'यूनिक बैज' शुरू, फर्जी टीटीई पर लगेगी लगाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने यात्रियों की सुरक्षा और टिकट जांच प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से टिकट चेकिंग स्टाफ के लिए यूनिक पहचान बैज प्रणाली की शुरुआत की है। यह पहल फर्जी टिकट चेकर्स द्वारा यात्रियों से धोखाधड़ी रोकने में बेहद कारगर साबित हो रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जसराम मीणा द्वारा शुरू की गई इस पहल को डीआरएम राजीव सक्सेना का मार्गदर्शन प्राप्त है। नई व्यवस्था के तहत ड्यूटी पर तैनात हर अधिकृत टीटीई को यह विशेष बैज पहनना अनिवार्य किया गया है। इससे यात्री और अन्य रेलवे कर्मचारी तुरंत पहचान कर सकेंगे कि सामने मौजूद व्यक्ति अधिकृत अधिकारी है या नहीं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार,




इस पहल के लागू होने के बाद से ही फर्जी टीटीई पकड़ने के मामलों में वृद्धि हुई है, क्योंकि सतर्क यात्री बैज न होने पर तुरंत संदिग्धों की सूचना दे रहे हैं। सियालदह मंडल ने इसे भ्रष्टाचार और ठगी के खिलाफ एक मजबूत कदम बताते हुए कहा कि यात्रियों का सहयोग इस पहल को और सफल बनाएगा। प्रशासन ने अपील की है कि लोग टिकट जांच के समय बैज की पुष्टि अवश्य करें, ताकि यात्रा सुरक्षित और सुचारू बनी रहे।

## पानी समझकर एसिड से बनाया खाना, घाटाल में एक ही परिवार के छह लोग गंभीर

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के घाटाल के रत्नेश्वरबाटी गांव में पानी समझकर एसिड से खाना पकने के कारण एक ही परिवार के छह सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। इनमें दो छोटे बच्चे भी शामिल हैं। सभी को कोलकाता के एसएसकेएम (पीजी) अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही घाटाल पंचायत समिति के स्वास्थ्य कर्माध्यक्ष पंचानन मंडल, पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रत्-नेश्वरबाटी गांव के निवासी संतु सन्यासी के घर में तांबा-चांदी का काम होता है, जिसके कारण घर में हमेशा एसिड रखा रहता है। रविवार की दोपहर उनके एक रिश्तेदार ने गलती से घर में रखे एसिड पानी समझकर खाना बनाने में इस्तेमाल कर लिया। उसी एसिड मिले पानी से चावल और सब्जी पका दी गई, लेकिन किसी को इस गलती का अंदाजा नहीं हुआ। खाना खाने के कुछ समय बाद ही परिवार के सभी सदस्यों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। उन्हें तेज पेट दर्द, उल्टी और बेचैनी होने लगी। परिजनों ने तुरंत सभी को घाटाल महकमा अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने छह लोगों को कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## मंदारमणि में समुद्र में डूबे युवक का शव दो दिन बाद मिला

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के मंदारमणि समुद्र तट पर दो दिन पहले लापता हुए एक युवक का शव सोमवार की सुबह मछुआरों के जाल में फंसकर मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही कोस्टल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस घटना ने एक बार फिर पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, शनिवार को पूर्व बर्दवान के रहने वाले सूरज बसु (24) अपने चार दोस्तों के साथ मंदारमणि घूमने आए थे। होटल में कमरा बुक करने के बाद सभी समुद्र में नहाने के लिए चले गए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, समुद्र की उफनती लहरें अचानक सूरज को अपनी ओर खींच ले गईं। दोस्तों के समझने से पहले ही वह गहरे पानी में डूब गया। तुरंत पुलिस को खबर दी गई और खोज अभियान शुरू हुआ, लेकिन दो दिनों की लगातार तलाश के बावजूद कोई सफलता नहीं मिली। इस बीच, सूरज का परिवार भी मंदारमणि पहुंच गया था और लगातार खोज अभियान की जानकारी ले रहा था। इस दिन, सुबह में स्थानीय मछुआरों ने जाल फेंकते समय एक शव फंसा पाया। पहचान करने पर पुष्टि हुई कि वह सूरज बसु का ही शव है। पुलिस ने उसे कांथी महकमा अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

## एसआईआर के डर से दिल का दौरा, पिंगला में व्यक्ति की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** पश्चिम मेदिनीपुर के पिंगला क्षेत्र में 'एसआईआर' को लेकर फैले भय के बीच एक व्यक्ति की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बबलू हेम्ब्रम (45) के रूप में हुई है। परिवार का कहना है कि 2002 की मतदाता सूची में बाबलू और उनके परिजनों का नाम नहीं होने की बात सामने आने के बाद से वे गहरी चिंता और तनाव में थे, और उसी के कारण उनकी स्थिति बिगड़ गई। घटना के बाद स्थानीय क्षेत्र में अफरा-तफरी और चिंता का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पिंगला के विधायक अजीत माईती परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि बबलू और उनका परिवार लंबे समय से उसी इलाके में रह रहा था और मौत की जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग को लेनी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एसआईआर को लेकर भाजपा की ओर से फैलाई जा रही झूठी और भय पैदा करने वाली जानकारी के कारण लोग आतंक में जी रहे हैं और यह मौत उसी का परिणाम है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व ने परिवार को हर संभव सहायता देने की बात कही है।

## अरुण आइसक्रीम ने लॉन्च किए शानदार 'आइसक्रीम डोनट्स'

**कोलकाता, समाज्ञा :** अरुण आइसक्रीम ने इस सीजन उपभोक्ताओं के लिए एक नया और मजेदार ट्रीट पेश किया है - आइसक्रीम डोनट। असली दूध और क्रीम से बनी अपनी बेहतरीन आइसक्रीम रेंज और कासाटा स्लाइस, आइकोन, आइबार, स्पाइरल, बाइट्स, बॉल आइसक्रीम, आइसक्रीम सैंडविच और पुष-अप कॉटन कैंडी जैसे लोकप्रिय उत्पादों के लिए मशहूर इस ब्रांड ने पारंपरिक स्वाद में आधुनिकता का तड़का लगाया है। ब्रांड के अनुसार, यह नया प्रोडक्ट छोटे आकार में लेकिन बड़े स्वाद के साथ पेश किया गया है। युवा उपभोक्ताओं से गहरा जुड़ाव और सभी आयु वर्ग को आकर्षित करने के उद्देश्य से तैयार किए गए इस डोनट ट्रीट को मार्केट ट्रायल्स के दौरान शानदार प्रतिक्रिया मिली है। उपभोक्ताओं ने इसके अनोखे स्वाद, क्रीमी टेक्सचर और आकर्षक लुक की सराहना की है। सिर्फ 10 की कीमत में उपलब्ध यह आइसक्रीम डोनट बेल्जियन चॉकलेट और कुकी-एन-क्रीम फ्लेवर में अब सभी एचएपी डेली और अरुण आइसक्रीम रिटेल आउटलेट्स पर मिल रहा है।

## रेमेडियम लाइफकेयर का शानदार प्रदर्शन, दूसरी तिमाही में मुनाफा दोगुना

**कोलकाता, समाज्ञा :** फार्मा और स्पेशियलिटी केमिकल सेक्टर की कंपनी रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड ने सितंबर 2025 में समाप्त दूसरी तिमाही के नतीजों में दमदार वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के अनुसार, परिचालन दक्षता और विस्तार रणनीति ने वित्तीय प्रदर्शन को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। तिमाही में कर बाद लाभ (पीएटी) 85.49% बढ़कर 862.34 लाख रुपये हो गया, जो पिछली तिमाही जून 2025 में 464.88 लाख रुपये था। ईबीआईटीडीए भी 82.70% वृद्धि के साथ 1043.69 लाख रुपये दर्ज किया गया। प्रति शेयर आय बढ़कर 0.10 रुपये रही, जो पहली तिमाही की तुलना में दोगुनी है। अर्धवार्षिक अवधि में पीएटी 1327.22 लाख रुपये रहा, जबकि पिछले पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में यह मात्र 213 लाख रुपये था। कंपनी के डायरेक्टर आदर्श मुंजाल ने कहा कि मजबूत नतीजे व्यवसाय विस्तार और परिचालन अनुशासन का परिणाम हैं तथा यह गति आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। हाल ही में बोर्ड में नई नियुक्तियों और सीडीएमओ सेवाओं के विस्तार के साथ कंपनी वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति और क्षमताएं बढ़ा रही है।

## कोलकाता में क्यूएस मास्टर्स एजुकेशन फेयर का 29 नवंबर को होगा आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैश्विक शिक्षा की बढ़ती मांग के बीच प्रमुख अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा विशेषज्ञ क्यूएस 29 नवंबर को कोलकाता में मास्टर्स एजुकेशन फेयर आयोजित करेगा। पार्क होटल में होने वाला यह कार्यक्रम छात्रों को अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और पूर्वी एशिया के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रवेश प्रतिनिधियों से सीधे संवाद का अवसर देगा। क्यूएस की रिपोर्ट के अनुसार, कोलकाता से विदेश में उच्च शिक्षा के विकल्प तलाशने वाले छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और 2025 में यह आंकड़ा 20,000 से अधिक पहुंचने की उम्मीद है। मेले में कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, ईएडीए बिजनेस स्कूल बार्सिलोना, बीआई नॉर्वेजियन बिजनेस स्कूल, ताइपे मेडिकल यूनिवर्सिटी सहित कई शीर्ष अमेरिकी विश्वविद्यालय भी शामिल होंगे। क्यूएस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीटर फन्नेकोट्टर ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति और करियर मार्गदर्शन की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है। प्रतिभागियों को प्रोफाइल मूल्यांकन, आवेदन सहायता और करियर सेवाओं का लाभ भी मिलेगा। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित होगा।

## अनिश्चितता के बीच फ्लेक्सी-कैप फंड्स की लोकप्रियता बढ़ी : बंधन लाइफ

**कोलकाता, समाज्ञा :** मौजूदा आर्थिक अनिश्चितता के दौर में निवेशकों के बीच फ्लेक्सी-कैप फंड्स तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। 31 अक्टूबर 2025 तक फ्लेक्सी-कैप श्रेणी के एवरेज एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एएयूएम) में साल-दर-साल 21.3% की वृद्धि दर्ज हुई, जो इस श्रेणी की वर्सेटिलिटी पर बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। फ्लेक्सी-कैप फंड्स निवेशकों को लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप-सभी तरह के स्टॉक्स में निवेश की सुविधा देते हैं और लंबे समय में सामान्यतः 10-15% वार्षिक रिटर्न देते रहे हैं। बंधन लाइफ इंश्योरेंस के हेड-इक्विटी अविनाश अग्रवाल के अनुसार फ्लेक्सी-कैप मैनेजर किसी भी कैटेगरी के स्टॉक चुनने की स्वतंत्रता रखते हैं, और मीडियम से लॉन्ग टर्म में लगातार मजबूत रिटर्न मिले हैं।

# हकीमपुर में इतिहास अपने आप को दोहरा रहा : जहां कभी लोग आए थे, अब वहीं से लौट रहे

**कोलकाता, समाज्ञा :** हकीमपुर सीमा चौकी तक जाने वाली कीचड़ भरी पगडंडी एक वक्त में 1947 और फिर 1971 में शरणार्थियों के गुजरने का रास्ता हुआ करती थी और तब से दशकों से लोग इस रास्ते से देश में घुस रहे थे जिसने यह गांव सीमा पार हिंसा से बचकर भाग रहे लोगों के लिए एक शरणस्थली में बदल गया। उत्तर 24 परगना जिले में बांग्लादेश से सटे हकीमपुर गांव के बुजुर्गों का कहना है कि इस नवंबर में इतिहास फिर से खुद को दोहरा रहा है। बस अब दिशा और संदर्भ बदल गए हैं। पिछले कुछ दिनों से अवैध बांग्लादेशी नागरिक उसी सीमा चौकी की ओर वापस जा रहे हैं, जहां से दशकों पहले पड़ोसी देश से शरणार्थियों का बड़ा जत्था आया था। सुरक्षा अधिकारियों, ग्रामीणों और प्रवासियों के ही अनुसार, इसकी वजह पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की जारी प्रक्रिया है। घर-घर जाकर किए जा रहे सत्यापन के कारण वर्षों से नकली दस्तावेज या फर्जी पहचान पत्र के साथ यहां रह रहे लोग जानते हैं कि वे जांच में पकड़े जाएंगे। कई लोग अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही चुपचाप वापस लौटने का फैसला कर रहे हैं। बांग्लादेश के 1974 के मुक्ति संग्राम के दौरान शरणार्थियों के लिए काम करने वाले 79 वर्षीय हरिपद मंडल ने कहा कि मैंने कभी हकीमपुर में ऐसा दृश्य नहीं देखा कि इतने अवैध बांग्लादेशी अपने देश लौटने का इंतजार कर रहे हों। यह अभूतपूर्व है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, 10,145 की आबादी और 2,322 मकानों वाला हकीमपुर हमेशा सीमा पार आवाजाही की यादों के साथ जीता आया है। 1971 में यही रास्ता हजारों लोगों को लेकर आया था, जो पाकिस्तान सेना के नरसंहार और ऑपरेशन सर्चलाइट से बचकर भाग रहे थे। अनिमेष मजूमदार (84) ने याद किया कि हर आंगन शिविर था, हर घर शरण स्थल था। उन्होंने कहा कि इतिहास अपने आप को दोहरा रहा है। बस दिशा बदल गयी है। सीमा पार करने का इंतजार कर रहे शरणार्थियों का कहना है कि फैसला स्पष्ट है: एसआईआर टीमों के घर-घर जाकर सत्यापन करने के साथ अधिकारियों से बचना अब संभव नहीं है। शाहीदुल (32) ने कहा कि मैं बनगांव की ईंट भट्टी में काम करता था। पहचान पत्र उधार का है। मैं कानूनी दस्तावेज नहीं दिखा सकता। अब लौटना ही बेहतर है। हकीमपुर में सुरक्षा कर्मियों का कहना है कि शरणार्थियों के लौटने की संख्या स्थिर और स्पष्ट है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि नवंबर के दूसरे सप्ताह से सीमा पार वापसी करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर शरणार्थी खुलेआम स्वीकार करते हैं कि वे सालों पहले काम के लिए अवैध रूप से आए थे। वे सभी अपनी वापसी के लिए एसआईआर को जिम्मेदार ठहराते हैं। यह स्वैच्छिक वापसी है, जबरदस्ती नहीं है।

# उलुबेरिया में तालाब में गिरी पूलकार, 3 स्कूली बच्चों की मौत व 2 घायल



**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के उलुबेरिया में सोमवार को एक दुखद हादसे में 3 स्कूली छात्रों की मौत हो गई व 2 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, उक्त घटना दोपहर बाद करीब 3:30 बजे उलुबेरिया के बहिरा में घटी। कई बच्चों को स्कूल से लेकर आ रही एक पूल कार का नियंत्रण खो गया। पूल कार बेकाबू हो कर रास्ते के किनारे एक तालाब में गिर गई। स्थानीय लोगों ने उक्त घटना के तुरंत बाद राहत कार्य किया लेकिन तब तक पूल कार में से 3 स्कूली बच्चों इशिका मंडल (7), सौविक दास (11) और अरीन दास (9) ने दम तोड़ दिया। अस्पताल में भी इन्हें मृत करार दिया गया। तीनों मृतक उपरोक्त इलाके के रहने वाले हैं। बाकी दो घायल छात्रों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि गाड़ी में कोई मैकेनिकल खराबी थी या नहीं, एक फोरेंसिक टेस्ट भी किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने मिलकर गाड़ी को तालाब से बाहर निकाला। स्टूडेंट्स के जूते और बैग अभी भी घटनास्थल पर बिखरे हुए हैं। हावड़ा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुबिमल पाल ने कहा कि गाड़ी के ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि पूल कार का कंट्रोल क्यों खो गया। पुलिस जांच कर रही है कि हादसा मैकेनिकल खराबी की वजह से हुआ या किसी और वजह से। हालांकि, कुछ लोकल लोगों का कहना है कि दूसरी गाड़ी से रेस करते समय पोंटून का कंट्रोल खो गया और वह तालाब में गिर गया।

## जयनगर में धान के खेत से मानव कंकाल बरामद, इलाके में सनसनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर थाना अंतर्गत बटरा के पास राजापुर-कराबेग ग्राम पंचायत इलाके में धान के खेत से एक मानव कंकाल मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सुबह की सैर पर निकले स्थानीय लोगों ने सबसे पहले खेत में पड़े कंकाल को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। जयनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और कंकाल को बरामद कर पद्मेरहाट ग्रामीण अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि बरामद कंकाल पुरुष का है। उसके आसपास से कपड़े भी मिले हैं, जिन्हें जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। मृतक की सही पहचान के लिए जयनगर व बकुलतला थानों के अधिकारी संयुक्त रूप से जांच कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि सच्चाई पोस्टमॉर्टम और आवश्यक वैज्ञानिक जांच की रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# संतरागाछी पुल पर दो बसों की टक्कर, सात घायल



**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के संतरागाछी पुल पर सोमवार की दोपहर दो बसों की टक्कर में सात लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों बसें एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ कर रही थी। उसी क्रम में हादसा हो गया। घायलों को हावड़ा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, के -11 रूट की बस कोलकाता से नेशनल हाईवे की ओर जा रही थी एवं दूसरी तरफ यात्रियों से भरी एक बस दीघा से हावड़ा की ओर आ रही थी। उसी समय ओवरटेक करने की कोशिश में दोनों बसों में टक्कर हो गई। पुलिस ने दोनों बसों को हटाकर ट्रैफिक नॉर्मल किया। एक बस के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरी बस का ड्राइवर फरार बताया जा रहा है।

# भाजपा की 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' में उमड़ी भीड़, शुभेंदु अधिकारी ने कहा... 'बंगाल बदलाव चाहता है'



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस सरकार पर 'असीमित चोरी, भ्रष्टाचार, हत्या, बलात्कार, महिला उत्पीड़न और एसआईआर को लेकर लगातार झूठ फैलाने' के आरोपों के खिलाफ भाजपा ने सोमवार को मथुरापुर संगठनात्मक जिले में 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' निकाली। इस यात्रा का नेतृत्व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने किया। यात्रा के दौरान विशाल भीड़ को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। तृणमूल सरकार ने भ्रष्टाचार और अत्याचार को सरकारी नीति का रूप दे दिया है। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर को लेकर लोगों को जानबूझकर भ्रमित किया जा रहा है और ममता सरकार जन-भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्य की जनता अब बदलाव के लिए तैयार है। मथुरापुर से उठी यह परिवर्तन की आवाज पूरे राज्य में गूंजेगी। उन्होंने तृणमूल पर कट-मनी, भर्ती घोटाले, पंचायत स्तर से लेकर मंत्रालयों तक फैले व्यापक भ्रष्टाचार, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध और विपक्षी कार्यकर्ताओं पर हमलों का भी आरोप लगाया। यात्रा मथुरापुर के विभिन्न इलाकों से गुजरते हुए मंदिरबाजार में एक बड़े जनसभास्थल पर जाकर समाप्त हुई। भाजपा नेताओं का कहना है कि आने वाले दिनों में इसी तरह की यात्राऐं जिले-दर-जिले आयोजित की जायेंगी, ताकि जनता तक राज्य सरकार की विफलताओं और भाजपा के परिवर्तन संदेश को पहुंचाया जा सके।

# तालदी में सड़क हादसे में नवविवाहित दंपति की मौत



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के तालदी राजापुर इलाके में सोमवार को तेज गति से बाइक चलाने के कारण सड़क हादसे में नवविवाहित दंपति की मौत हो गई। मृतकों की पहचान कौशिक मिस्त्री और रेशमी साव मिस्त्री के रूप में की गई है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, कौशिक और रेशमी की एक साल पहले शादी हुई थी। दंपति बारुईपुर के बेलेगाछी पंचायत के दक्षिण घोला के निवासी है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दंपति बाइक पर निकले थे। कौशिक बाइक चला रहा था और रेशमी पीछे बैठी थी। बाइक तालदी राजापुर इलाके में कैनिंग-बारुईपुर रोड पर बेलेगाछी पोल से सटे इलाके से गुजर रही थी। बताया जा रहा है कि बाइक तेज गति में चलाई जा रही थी। अचानक बाइक एक डंपर से टकरा गई। तेज गति के कारण टक्कर में दंपति काफी दूर तक सड़क से दूर जा गिरे। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पति-पत्नी की खून से लथपथ लाशें सड़क पर पड़ी थीं। बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। बाद में, स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाया और बारुईपुर उपजिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। खबर बारुईपुर थाने पहुंची। पुलिस ने दोनों लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रसिद्ध शिल्पी के बेटे पर वर्कशॉप में चाकू से हमला, अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के रामगढ़ क्षेत्र में सोमवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां प्रसिद्ध मृद्शिल्पी लक्ष्मण पाल के बेटे निखिल पाल पर उनकी ही वर्कशॉप में एक अज्ञात हमलावर ने चाकू से हमला कर दिया। गले और हाथ पर गंभीर चोटों के बाद उन्हें तुरंत बाघाजतीन स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को स्थिर बताया है। घटना के बाद पाटुली थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और हमलावर की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, करीब 9 बजे निखिल पाल गांगुलीबागान बाजार सेकेंड गेट स्थित वर्कशॉप में समाचार पत्र पढ़ रहे थे, तभी एक अज्ञात व्यक्ति अंदर घुसा और शोला काटने वाले चाकू से उन पर लगातार वार कर दिए। घायल निखिल खून से लथपथ हो गए। वर्कशॉप के बाहर मौजूद एक दुकानदार ने तुरंत उनकी मदद करते हुए खून रोकने का प्रयास किया और परिजनों को सूचित किया। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि अत्यधिक रक्तस्राव के कारण शुरुआती आशंका थी कि नस कट गई होगी, लेकिन जांच में पता चला कि चोट मांसपेशियों तक सीमित है, जिससे बड़ा खतरा टल गया। अस्पताल में पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान निखिल ने स्पष्ट कहा कि वे हमलावर को पहचानते भी नहीं हैं, जिससे हमले की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। इस मामले की जांच जारी है।

# रंगेहाथ पकड़ा गया चोर, पोल से बांधकर सामूहिक पिटाई के बाद पुलिस को सौंपा



**हुगली, समाज्ञा :** सर्दी शुरू होते ही जिले में चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं, जिससे लोगों के मन में भय का माहौल है। चुंचुड़ा थाना क्षेत्र में चोरों का दुस्साहस लगातार बढ़ रहा है। सोमवार सुबह चुंचुड़ा महेशतला इलाके में चोरी की एक घटना से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने एक युवक को बंद पड़े घर में चोरी करते रंगेहाथ पकड़ लिया। पहले लोगों ने उसे बिजली के पोल से बांधा, फिर उसकी सामूहिक पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से इलाके में लगातार चोरी हो रही थी। सोमवार तड़के युवक एक सुनसान घर में घुसा। ताला तोड़कर अंदर दाखिल होने के बाद वह अलमारी तोड़ने लगा। अलमारी टूटने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुट गए। उन्हें देखकर आरोपी छिपने की कोशिश करने लगा। लोगों का अनुमान है कि युवक के साथ कोई और भी शामिल हो सकता है। उसकी जेब से नकदी, चोरी का सामान और एक चाकू बरामद हुआ। इलाके में पहले भी खाली घरों में चोरी की कई घटनाएँ हो चुकी हैं, लेकिन इस बार युवक रंगेहाथ पकड़ में आ गया। खबर मिलते ही चुंचुड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से बचाते हुए थाने ले गई। पुलिस यह पड़ताल कर रही कि पकड़ा गया युवक कहीं किसी सक्रीय गिरोह का तो सदस्य नहीं। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# हुगली में बीएलओ की बिगड़ी सेहत



**हुगली, समाज्ञा :** जिले में जगह जगह बीएलओ के सेहत बिगड़ने का सिलसिला जारी है। बांसबेड़िया नगरपालिका 19 नंबर वॉर्ड के 148 बूथ के बीएलओ अबू तोहराब बिन अमन, जो आई.एम हाई मदरसा प्राइमरी सेक्शन के शिक्षक है। उनकी तबियत अचानक बिगड़ गई। उन्हें चुंचुड़ा सदर इमामबाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत बिगड़ते देख उन्हें कल्याणी गांधी अस्पताल रेफर किया गया। परिवार वालों ने बताया कि एसआईआर को लेकर वे पिछले कुछ दिनों से काफी दवाब में थे। दिव्यांग होने के बावजूद भी सही तरीके से अपने कर्तव्य का पालन कर रहे थे। पीड़ित के चाचा ने बताया कि उनकी हालत काफी नाजुक और बेहतर इलाज की जरूरत। उनकी दो छोटी बच्ची है और बुजुर्ग माता-पिता है, वे सभी चिंतित। चुनाव आयोग इस विषय में ध्यान दे। बीएलओ के सहयोगी उन्हें हर संभव मदद करने का प्रयास कर रहे हैं।

## जयनगर में भयावह आग लगने से दो मंजिला दुकान और गोदाम जलकर राख

कोलकाता, समाज्ञा : दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर में सोमवार के तड़के गोंड़ेरहाट के पास स्थित एक दो मंजिला दुकान और गोदाम आग की चपेट में आकर पूरी तरह जलकर खाक हो गए। दमकल की दो गाड़ियों की मदद से आग पर नियंत्रण पाया गया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। जानकारी के अनुसार, सुबह-सुबह दक्षिण बारासात स्टेशन की ओर ट्रेन पकड़ने जा रहे कुछ स्थानीय लोगों ने देखा कि रायनगर इलाके में सड़क किनारे नारायण गाएन के ड्राई फ्लावर्स की दुकान और गोदाम से तेज लपटें उठ रही हैं। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते पूरी इमारत जलने लगी। लोगों की चीख-पुकार और शोर सुनकर आसपास के निवासी जाग गए और तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना पाकर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक दुकान और गोदाम में रखा सारा सामान पूरी तरह जल चुका था। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया था।पुलिस और दमकल विभाग आग लगने की वजह की जांच कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी इमारत राख में बदल गई। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

## चकदह में सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के चकदह थाना अंतर्गत मदनपुर में सोमवार को घर जाने के दौरान सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुनील दे (65) के रूप में की गई है। वह मदनपुर गौरांग पाड़ा का निवासी था। घटना के बाद गाड़ी के ड्राइवर और खलासी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच शुरू हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर में वृद्ध पैदल अपने घर की ओर जा रहा था। उसी समय पीछे से एक गाड़ी आई और उसे जोरदार टक्कर मार दी। शोर सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने बुजुर्ग को बचाया और अस्पताल भेजा। डॉक्टरों ने सुनील को मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर, घटना की खबर मिलने पर चकदह थाने के मदनपुर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। गाड़ी के ड्राइवर और खलासी को गिरफ्तार कर थाने ले जाया गया है। बॉडी को तुरंत ऑटोप्सी के लिए मुर्दाघर भेज दिया गया। पुलिस ने इस बात की जांच शुरू कर दी है कि यह घटना कैसे हुई।

# मालदह में नवजात बच्ची का शव धान के खेत में मिला, हत्या की आशंका



**मालदह :** मालदह जिले के हरिश्चंद्रपुर क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जहां एक नवजात बच्ची का शव धान के खेत से बरामद हुआ। आशंका है कि शिशु को बैग में भरकर खेत में फेंका गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। घटना सोमवार सुबह उस समय सामने आई, जब भिंगल गांव के पास खेत में एक संदिग्ध बैग पड़ा देखा गया। ग्रामीणों ने बैग खोलकर देखा तो उसमें मृत नवजात बच्ची मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्ची के शरीर पर एक निजी अस्पताल का टैग लगा होने की जानकारी भी सामने आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्ची के सिर पर गहरी चोट के निशान साफ दिखाई दे रहे थे, जिससे संदेह है कि उसे जानबूझकर खेत में फेंका गया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बच्ची का जन्म कहां हुआ और इस कृत्य के पीछे कौन जिम्मेदार है। ग्रामीण शेख आलम ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि नवजात को इस प्रकार फेंक देना अत्यंत हृदयविदारक और अमानवीय है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

# फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने के आरोप में दंपत्ति गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस ने दक्षिण 24 परगना जिले के गोसाबा से ऑपरेट हो रहे एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है, जो हजारों नकली जन्म और मृत्यु सर्टिफिकेट जारी करता था। शेक्सपियर सरणी थाने में दर्ज शिकायत के बाद कोलकाता के एक दंपत्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की जांच के दौरान पता चला कि गोसाबा इलाके के पठानखोली से नकली मृत्यु प्रमाणपत्र बनाए गए थे, जो सुंदरवन नेशनल पार्क का गेटवे है। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार दंपत्ति का नाम जॉर्ज क्लिंटन डिक्सन और उनकी पत्नी कैरल एरिक्सन डिक्सन के रुप में हुई है। दंपत्ति ने कथित तौर पर शेक्सपियर सरणी इलाके में एक किराए की दुकान पर धोखे से कब्जा करने के लिए नकली मृत्यु प्रमाणपत्र हासिल किया था। पुलिस के मुताबिक, सरल रॉय और नित्यरंजन घोष ने कोलकाता में एजेसी बोस रोड पर एक दुकान किराए पर ली थी। बाद में, डिक्सन कपल ने उस जगह को सबलीज पर ले लिया। हालांकि, आरोप है कि डिक्सन दंपत्ति ने प्रॉपर्टी पर पूरा कब्जा करने के लिए नित्यरंजन घोष का नकली मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि नित्यरंजन घोष की मौत 2014 में हो गई थी। परिवार वालों को उनका मृत्यु प्रमाणपत्र मिल गया था। लेकिन, अपने फायदे के लिए पिछले साल अगस्त में एक एजेंट के जरिए नित्यरंजन घोष का नकली मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाया गया। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे नकली बताया गया। इसके आधार पर शेक्सपियर सरणी थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। जांच के बाद पुलिस को पता चला कि एजेंट ने गोसाबा इलाके के पठानखोली के गौतम सरदार के जरिए नकली मृत्यु प्रमाणपत्रबनवाया और कथित तौर पर डिक्सन दंपत्ति को दे दिया। पुलिस के मुताबिक, गौतम सरदार के जरिए 3 हजार नकली मृत्यु प्रमाणपत्र और 510 नकली मृत्यु प्रमाणपत्र बनाए गए। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# पूर्व मेदिनीपुर में नहर में मिला चार दिन से लापता युवक का शव

**पूर्व मेदिनीपुर :** एसआईआर इन्यूमरेशन फॉर्म भरने और निजी काम के सिलसिले में दिल्ली से अपने घर लौटे युवक शेख अनवर (27) की शव सोमवार की सुबह नहर से बरामद होने पर इलाके में सनसनी फैल गई। गुमशुदगी के चार दिन बाद उनका शव भगवानपुर थाना अंतर्गत के गोपीनाथपुर इलाके में एक नहर में उतराता हुआ मिला। जानकारी के अनुसार, कुटबार चौखली इलाके के रहने वाले अनवर गुरुवार को अपनी बहन के घर जाने की बात कहकर घर से निकले थे। इसके बाद से ही उनका कोई पता नहीं चल रहा था। परिवार ने कई जगह खोजबीन की, लेकिन सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने नहर में एक शव तैरता हुआ देखा। इसकी सूचना तुरंत भगवानपुर थाने को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मृतक के शरीर पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। अनवर के परिवार वालों ने उनकी हत्या किए जाने की आशंका जताई है, हालांकि अभी तक इस संबंध में कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और गुमशुदगी से लेकर शव मिलने तक की पूरी घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं।

## एसआईआर : बंगाल में अब तक दस लाख वोटरों.....(पृष्ठ 1 का शेषांश)

राज्य के चीफ इलेक्शन ऑफिसर (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने कहा कि हमने मतदाताओं से अनुरोध किया है कि वे जल्द से जल्द गणना फार्म जमा कर दें। चार दिसंबर आखिरी दिन है, उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**❑ कौन से जिले आगे**

आयोग ने आगे बताया कि एसआइर के अब तक के काम में राज्य के पांच जिले आगे हैं। पूर्व बर्द्धमान में 66.47 प्रतिशत, अलीपुरद्वार में 66.41, उत्तर दिनाजपुर में 65.43, मालदा में 66.23 और पूर् मेदिनीपुर में 65.27 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। चुनाव आयोग ने बताया कि राज्य में सबसे अच्छा काम उत्तर 24 परगना के गोसाबा में हुआ है। वहां 121 बीएलओ ने पहले ही 100 परसेंट काम पूरा कर लिया है।

**❑ बीएलओ की मौत पर रिपोर्ट तलब**

राज्य में अब तक एसआईआर के काम के दबाव में से तीन बीएलओ की मौत हो चुकी है। इस बारे में, सीईओ मनोज अग्रवाल ने कहा कि बीएलओ की मौत कैसे हुई, इसकी विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। पोस्टमार्ट रिपोर्ट भी मांगी गई है। ड्यूटी के दौरान हुई मौत के बारे में आयोग को बताया जाएगा। मनोज ने यह भी कहा कि अगर कोई बीएलओ काम के दौरान बीमार पड़ जाता है या उसे कोई शारीरिक समस्या होती है, तो निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) उस बीएलओ को बदल सकता है। इसके लिए सीईओ की अनुमति की जरूरत नहीं है। सीईओ ने कहा कि बंगाल देश का अकेला ऐसा राज्य है, जहां अब तक किसी बीएलओ के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया है। अगर काम करते समय कोई गलती हुई है, तो संबंधित बीएलओ को चेतावनी दी गई है। लेकिन कोई सजा नहीं दी गई है। हालांकि, अगर कोई जानबूझकर कुछ करता है, तो सजा दी जाएगी। इसके उलट सीईओ ने बीएलओ की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि बीएलओ बहुत काम कर रहे हैं। वे एसआईआर के हीरो हैं!

**❑ क्या काम बाकी है?**

बंगाल में घर-घर जाकर गणना फार्म बांटने का काम चार नवंबर से शुरू हुआ था। फार्म जमा करने की आखिरी तारीख चार दिसंबर है। आयोग के मुताबिक, इस राज्य में कुल वोटर्स की संख्या 7,66,37,529 है। अब तक 7,64,48,006 फार्म बांटे जा चुके हैं। यानी, अभी करीब दो लाख लोगों तक फार्म पहुंचना बाकी है। 4,28,98,350 फार्म डिजिटाइज हो चुके हैं। करीब 41 परसेंट फॉर्म अभी भी डिजिटाइज़ होने बाकी हैं। कुल वोटर्स में से 2.5 परसेंट की मैपिंग अभी भी बाकी है। लेकिन 10 दिन भी नहीं बचे हैं। काम जोरों पर है।

**❑ सीईओ ने बीएलओ की सराहना**

हालांकि, इस दौरान, उन्होंने विवाद के राजनीतिक पहलुओं पर टिप्पणी करने से परहेज किया और कहा कि निश्चित रूप से बीएलओ का काम बहुत कठिन है, क्योंकि उन्हें हर जगह जाना पड़ता है। उन्हें फॉर्म इकट्ठा करने होते हैं, फॉर्म देने होते हैं और उन्हें डिजिटल बनाना होता है। यह कोई आसान काम नहीं है। इसलिए बीएलओ इस पूरे काम में अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं।

## रोटरी क्लब बेलूर बाल विकास केंद्र का वार्षिकोत्सव, विशेष बच्चों के सशक्तिकरण का संकल्प दोहराया



**हावड़ा, समाज्ञा :** लिलुआ स्थित मलय मंच में रोटरी क्लब बेलूर बाल विकास केंद्र का 26वां वार्षिकोत्सव उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्र के अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया ने कहा कि यह संस्था हावड़ा जिले में अपने प्रकार की एकमात्र स्वयंसेवी संस्था है, जो बौद्धिक रूप से विकलांग, सीखने में अक्षमता और डाउन सिंड्रोम से जूझ रहे बच्चों के लिए समर्पित है। उन्होंने बताया कि अनुभवी विशेष शिक्षकों और मनोचिकित्सकों के मार्गदर्शन में बच्चों को भावनात्मक सहारा, एडीएचडी देखभाल और व्यवहारिक परामर्श दिया जाता है। केंद्र पिछले 26 वर्षों से करुणा और प्रतिबद्धता के साथ परिवार एवं समाज में शांति लाने का काम कर रहा है। लोहिया ने इस यात्रा में माताओं के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध शिक्षाविद बाबर अली मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्हें बीबीसी द्वारा दुनिया के सबसे कम उम्र के हेडमास्टर का खिताब मिल चुका है। उन्होंने कहा कि ऐसे केंद्र उपेक्षित वर्गों के लिए मजबूत सहारा हैं तथा समाज को भी इनका साथ देना आवश्यक है। मनो विकास केंद्र की पूर्व निदेशक डॉ. अनामिका सिन्हा ने संस्थान की निरंतर प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं, रोटरी क्लब बेलूर के अध्यक्ष शरद दुगड़ ने केंद्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया। एम.सी. केजरीवाल विद्यापीठ के प्रधानाध्यापक विश्वजीत मजूमदार ने समावेशी शिक्षा को समय की जरूरत बताते हुए कहा कि सभी बच्चों को समान अवसर दिलाने के लिए संयुक्त प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम में रोटरी जिला 3291 की ओर से बाल विकास केंद्र को सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान का ट्रॉफी प्रदान की गई। मेधावी छात्रों, उत्कृष्ट शिक्षकों एवं अभिभावकों को सम्मानित किया गया। समारोह में बच्चों और अभिभावकों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी को प्रभावित किया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन रोटेरियन नवीन खंडेलवाल ने किया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### स्कूलों सहित कई स्थानों को बम से उड़ाने की धमकी भरा पत्र शॉपिंग मॉल में मिला

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार को शहर के एक प्रमुख शॉपिंग मॉल में मिले एक पत्र में स्कूलों समेत कई स्थानों को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार को कहा, 'लुलु मॉल में एक पत्र मिला था। हाथ से लिखे गये उस पत्र में कहा गया कि स्कूलों समेत अलग-अलग जगहों पर धमाके किए जाएंगे।' उन्होंने बताया कि पत्र की जानकारी मिलते ही मॉल के अधिकारियों ने पुलिस से संपर्क किया। उसके बाद अलर्ट जारी कर दिया गया। प्रवक्ता ने कहा, 'पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

### मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर बस पलटने से 16 यात्री घायल, तीन की हालत गंभीर

**मथुरा (उप्र):** मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह एक निजी बस के पलट जाने से कम से कम 16 यात्री घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि बस दिल्ली (छतरपुर) से रायबरेली जा रही थी जिसमें लगभग 50 से 60 यात्री सवार थे। उन्होंने बताया कि आगरा की ओर जाते समय चालक की लापरवाही के कारण बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

### झारखंड: जनगणना से पहले प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में नहीं होगा बदलाव

**रांची:** झारखंड सरकार ने सोमवार को एक आदेश जारी कर कहा कि आगामी जनगणना की तैयारी के लिए प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में कोई बदलाव नहीं होगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि एक जनवरी, 2026 से 31 मार्च, 2027 के बीच जिलों, अनुमंडलों, प्रखंडों, नगर निगमों, नगर परिषदों, नगर पंचायतों, छावनी बोर्ड, वार्ड, पंचायतों और गांवों की प्रशासनिक सीमाओं में कोई बदलाव नहीं होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह भी निर्देश दिया कि 31 दिसंबर, 2025 तक अधिकार क्षेत्र की सीमाओं में परिवर्तन के संबंध में सूचना और वांछित अधिसूचना रांची स्थित जनगणना संचालन निदेशालय को भेज दी जाए। लद्दाख जैसे बर्फीले इलाकों में जनगणना की संदर्भ तिथि एक अक्टूबर, 2026 और देश के बाकी हिस्सों में एक मार्च, 2027 होगी।

# पीड़ितों की शिकायतें सुनकर जनपद में ही निस्तारण कराएं जिलाधिकारी और एसएसपी: आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे उनके आवास पर जनता दर्शन के दौरान लोगों द्वारा बताई गई समस्याओं का जल्द समाधान करायें। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक बयान के अनुसार 'जनता दर्शन' का आयोजन सोमवार को मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर हुआ। 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से 52 से अधिक फरियादी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री हर फरियादी के पास स्वयं पहुंचे, उनकी समस्याएं सुनीं और निराकरण के निर्देश दिए। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि वह पीड़ितों की शिकायतें सुनकर जनपद में ही उनका निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जनपदों में सभी विभागों के द्वारा पीड़ितों की शिकायतें सुनकर निर्धारित समयावधि में समाधान कराया जाए। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने अभिभावकों के साथ आए बच्चों को दुलारा, उन्हें चॉकलेट दी। मुख्यमंत्री के 'जनता दर्शन' के दौरान आर्थिक सहायता, अवैध कब्जे, बिजली, शिक्षा, पुलिस आदि से जुड़ी शिकायतों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों सहित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि वह जनपद स्तर पर सभी फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनका निराकरण कराएं। 'जनता दर्शन' में गोरखपुर, शामली, झांसी, कन्नौज आदि जनपदों से पीड़ित पहुंचे थे। सभी ने अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की सेवा और सुरक्षा ही सरकार का संकल्प है, सरकार हर जरूरतमंद की सहायता के लिए खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर प्रदेशवासियों की हर उचित परेशानी का निरंतर निदान कराया जा रहा है और आगे भी कराया जाता रहेगा।

### सोनभद्र में 6,085 लीटर अवैध शराब बरामद, अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**सोनभद्र (उप्र):** सोनभद्र जिले के दुद्धी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ट्रक में छिपाकर बिहार ले जाई जा रही 6,085 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद कर एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार बरामद शराब और ट्रक की कुल कीमत लगभग एक करोड़ 35 लाख रुपये आंकी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, पटना (बिहार) से मिली सूचना के आधार पर रविवार को थाना दुद्धी पुलिस टीम ने रेणुकूट-दुद्धी मार्ग पर ग्राम कादल के पास एक ट्रक को रोका। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान ट्रक में भूसी और लकड़ी के बुरादे के बीच छिपाई गई अग्रेजी शराब की 680 पेटियों में कुल 15,120 बोतलें मिलीं, जिनकी कुल मात्रा 6,085.44 लीटर थी।

## न्यूज अपडेट

### एसआईआर पर शोर मचाने वाले दलों के मन में चोर: केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि ''एसआईआर को लेकर शोर मचाने वाले दलों के मन में चोर है।'' बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सह प्रभारी रहे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर शोर मचाने वाले दलों के 'मन में चोर' है। बिहार ने साबित कर दिया है कि उनका पक्ष कमजोर है।'' बिहार के हाल के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने प्रचंड जीत हासिल की और 'इंडिया' गठबंधन के दलों को बहुत पीछे छोड़ दिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत विपक्षी दलों के नेताओं ने एसआईआर को लेकर लगातार सरकार और निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाया है। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार और निर्वाचन आयोग मिलकर साजिश के तहत उन विधानसभा क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बहाने 50 हजार से अधिक वोट काटने की तैयारी कर रहे हैं, जहां 2024 में लोकसभा चुनाव में सपा और 'इंडिया' गठबंधन जीते थे।

### पटना में ट्रिपल मर्डर से सनसनी, व्यवसायी की हत्या कर भाग रहे दो अपराधियों को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला



राजधानी पटना में जमीन कारोबारी की हत्या कर भाग रहे अपराधियों की स्थानीय लोगों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना गोपालपुर थाना क्षेत्र के भोगपुर की है। मृतक की पहचान भूपतिपुर निवासी अशरफी सिंह (65) के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक सवार अपराधियों ने भूपतिपुर निवासी अशरफी सिंह (65) की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली चलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए। लोगों को जुटते देख अपराधी बाइक से भागने लगे, लेकिन ग्रामीणों ने साहस का परिचय देते हुए जमीन कारोबारी की हत्या कर भाग रहे बाइक सवार अपराधियों को खदेड़कर पकड़ लिया। फिर क्या था, लोगों ने दोनों अपराधियों की जमकर पिटाई की और तबतक पीटते रहे, जबतक दोनों अपराधियों की मौत नहीं हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सदर डीएसपी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि मामला 20 करोड़ के जमीनी विवाद का है, जिस वजह से उनकी हत्या हुई है। फिलहाल घर के लोग कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं हैं। घटना के बाद पुलिस मृतक अपराधियों की पहचान में जुट गई है।

### बलिया में झूठी शान के खातिर किशोरी की हत्या के आरोप में भाई गिरफ्तार

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले के बैरिया थाना पुलिस ने एक किशोरी की झूठी शान के खातिर हत्या करने के आरोप में उसके भाई को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बैरिया क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि 18 नवंबर की सुबह बैरिया थाना क्षेत्र के बकुल्हा में रेलवे लाइन के पास एक अज्ञात किशोरी का शव बरामद किया गया था। बाद में उसकी पहचान टोला फत्ते राय गांव निवासी प्रीति (17) के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि प्रीति ने 30 सितंबर को अभिषेक यादव नामक युवक से इसी साल प्रेम विवाह किया था और विवाह के बाद वह अपने ससुराल में रह रही थी। पुलिस अधिकारी के अनुसार आरोप है कि प्रीति के परिजनों ने 16 नवंबर की रात उसे झांसा देकर ससुराल से घर बुलाया जिसके बाद उसके चाचा अशोक यादव और भाई आर्या कुमार यादव उर्फ पिंटू ने गांव के एक स्कूल में ले जाकर प्रीति की गला दबाकर हत्या कर दी। कुरैशी ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी प्रीति के शव को रेलवे लाइन के किनारे एक सुनसान स्थान पर ले गए और चाकू से उसकी गर्दन काटकर शव को चलती ट्रेन के सामने फेंक दिया।

## चिराग पासवान की पार्टी 28 नवंबर को पटना में मनाएगी लोजपा का 25वां स्थापना दिवस



**पटना:** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने सोमवार को घोषणा की कि लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर इस सप्ताह पटना में समारोह आयोजित किया जाएगा। यह घोषणा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक राजू तिवारी ने की। तिवारी चिराग पासवान के दिवंगत पिता राम विलास पासवान के पुराने सहयोगियों में रहे हैं। राम विलास पासवान ने वर्ष 2000 में लोजपा की स्थापना की थी। करीब पांच वर्ष पहले यह पार्टी दो धड़ों में बंट गई थी। तिवारी ने संवाददाताओं से कहा, 'चिराग पासवान (स्थापना दिवस समारोह में) मुख्य अतिथि होंगे। हम 28 नवंबर को सुबह करीब 11 बजे पटना के बापू सभागार में लोजपा का स्थापना दिवस मनाएंगे। इसमें हमारे विधायक और सांसद शामिल होंगे।'' उन्होंने कहा, 'राम विलास पासवान ने वर्ष 2000 में लोजपा बनाई थी और लोजपा (रामविलास) आज बिहार की चुनावी राजनीति में अपनी स्पष्ट उपस्थिति दर्ज करा रही है।' तिवारी ने दावा किया कि राज्य की जनता ने चिराग पासवान के 'बिहार प्रथम' दृष्टिकोण पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा, '2005 के बाद से हमें सबसे अधिक विधायक मिले हैं और दो कैबिनेट मंत्री पदों की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।' बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल के रूप में लोजपा (रामविलास) ने हालिया विधानसभा चुनाव में 28 सीट पर चुनाव लड़कर 19 पर जीत दर्ज की। पार्टी के संजय कुमार और संजय कुमार सिंह वर्तमान में बिहार सरकार में मंत्री हैं। तिवारी ने कहा कि लोजपा (रामविलास) के नेता इस जनादेश को 'जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की चुनौती' के रूप में ले रहे हैं।

### बिहार: पार्टी-विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहे कांग्रेस के सात नेता छह वर्ष के लिए निष्कासित

**पटना:** कांग्रेस की बिहार इकाई ने पार्टी-विरोधी गतिविधियों और संगठनात्मक अनुशासन के उल्लंघन के आरोप में सात नेताओं को सोमवार को छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव द्वारा जारी आदेश के अनुसार, संबंधित नेताओं से प्राप्त स्पष्टीकरण समिति को संतोषजनक नहीं लगे। आदेश में कहा गया कि कांग्रेस सेवा दल के पूर्व उपाध्यक्ष आदित्य पासवान, कांग्रेस की बिहार इकाई के पूर्व उपाध्यक्ष शकीलुर रहमान, कांग्रेस की किसान शाखा के पूर्व अध्यक्ष राज कुमार शर्मा, युवा कांग्रेस की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष राज कुमार राजन, पार्टी के अति पिछड़ा विभाग के पूर्व अध्यक्ष कुंदन गुप्ता, कांग्रेस की बांका जिला कमेटी की अध्यक्ष कंचना कुमारी और नालंदा जिले के रवि गोल्डेन को पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित जाता है।

## रेल मंत्री ने दो मेमू रेलगाड़ियों को दिखाई हरी झंडी, पश्चिमी उप्र के यात्रियों को मिलेगी बड़ी सुविधा



**लखनऊ:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को बागपत के बड़ौत रेलवे स्टेशन पर दिल्ली-शामली के बीच दो नयी मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (मेमू) ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इस रेल मार्ग के दोहरीकरण की घोषणा की। रेल मंत्री ने दिल्ली जंक्शन-शामली-दिल्ली जंक्शन तथा दिल्ली शाहदरा-शामली-दिल्ली शाहदरा के बीच दो मेमू ट्रेन की शुरुआत की। इनके शुरू होने से छात्रों, कामकाजी लोगों और दैनिक यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा मिलेगी, क्षेत्रीय संपर्क मजबूत होगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। कार्यक्रम में केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी, बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान, पूर्व सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह, विधान परिषद सदस्य मोहित बेनीवाल, विधायक कृष्णपाल मलिक और बड़ौत नगर पालिका की अध्यक्ष बबीता तोमर उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय रेल यात्रियों की बेहतर सेवा के लिए लगातार काम कर रही है। दिल्ली-शामली के बीच नयी मेमू सेवाओं से छात्रों, किसानों, पेशेवरों और दैनिक यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि शामली स्टेशन को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत 25 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक रूप दिया जा रहा है और दो नयी मेमू सेवाओं के शुरू होने से लंबे समय से लंबित मांग अब पूरी हो गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने के लिए रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया।

### अयोध्या में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से पहले भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ाई



**महराजगंज (उप्र):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंगलवार को अयोध्या में धर्म ध्वज स्थापना समारोह में शामिल होने से पहले उत्तर प्रदेश पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने महराजगंज जिले में भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोमेंद्र मीणा ने बताया कि आतंकवादियों की संभावित आवाजाही रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि सीमा पार करने की अनुमति देने से पहले लोगों की पहचान सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारत-नेपाल सीमा पुलिस और स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) जैसी अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क रहने के आदेश जारी किए गए हैं। एसएसबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि सभी सीमा चौकियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाई गई है ताकि राष्ट्र विरोधी तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा सके। खुफिया सूचनाओं के अनुसार कुछ राष्ट्र विरोधी तत्वों के सीमा पार करने की आशंका जताई गई है, जिसके मद्देनजर एसएसबी के जवान सोनौली भारत-नेपाल सीमा पर विशेष निगरानी बनाए हुए हैं। एसपी मीणा ने बताया, 'हमें सूचना मिली है कि कुछ राष्ट्र विरोधी तत्व सरहद पार करने की कोशिश कर सकते हैं, इसलिए सभी इकाइयों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है।

---

समीक्षा

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

25.11.2025 : श्रीराम विवाहोत्सव
26.11.2025 : स्कंद षष्ठी व्रत
27.11.2025 : सूर्य सप्तमी व्रत
29.11.2025 : महानंदा नवमी

## विवाह पंचमी पर करें ये खास उपाय, तुरंत पक्की होगी शादी

मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को भगवान श्रीराम और माता सीता का पवित्र विवाह संपन्न हुआ था। इसलिए इस दिन को विवाह पंचमी के रूप में मनाया जाता है। परंपरा के अनुसार यह दिन दांपत्य जीवन की शुभकामनाओं और रिश्तों की पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। वर्ष 2025 में विवाह पंचमी 25 नवंबर, मंगलवार को पड़ने वाली है।

विवाह पंचमी उन युवाओं के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण अवसर है, जिनके विवाह में किसी कारण से देरी हो रही है। जिन लोगों के लिए रिश्ते पक्के नहीं हो पा रहे या अचानक बाधाएं आ जाती हैं, उनके लिए यह दिन विशेष रूप से शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन किए गए उपाय जल्दी फल देते हैं और विवाह संबंधी रुकावटें दूर होने लगती हैं। आइए जानते हैं जल्दी विवाह के लिए विवाह पंचमी पर किए जाने वाले उपाय।

### शीघ्र विवाह के लिए करें ये सरल उपाय

विवाह पंचमी के दिन प्रातः स्नान के बाद पीले वस्त्र धारण करें। इसके बाद 11 हल्दी की गांठ और 11 दूर्वा इकट्ठा करके उन्हें पीले कपड़े में बांध लें। इस पोटली को भगवान गणेश के सामने अर्पित करें और मन ही मन अपने विवाह से जुड़ी इच्छा व्यक्त करें।

गणेश जी विघ्नहर्ता माने जाते हैं, इसलिए यह उपाय विवाह में आ रही रुकावटों को दूर करता है। इसके बाद भगवान गणेश को दही और हल्दी का लेप लगाने की भी परंपरा है, जिसे शुभता और सिद्धि का प्रतीक माना जाता है।

इस दिन राम-सीता के दिव्य विवाह की स्मृति में उनकी श्रद्धापूर्वक पूजा करें। माता सीता को लाल चुनरी, चूड़ियां, सिंदूर, बिंदी और श्रृंगार सामग्री अर्पित करें। मान्यता है कि ऐसा करने से विवाह योग मजबूत होता है और शीघ्र ही योग्य जीवनसाथी प्राप्त होता है।

विवाह पंचमी पर छोटी कन्याओं का भोजन कराना और उन्हें उपहार देना भी अत्यंत फलदायी माना गया है। इसे कन्या पूजन का रूप माना जाता है। कहा जाता है कि इस अनुष्ठान से घर की कन्या या परिवार के किसी अविवाहित व्यक्ति के लिए शीघ्र विवाह के योग बनते हैं और विवाह संबंधी ग्रहदोष भी शांत होते हैं।

## आज राम मंदिर पर फहराया जाएगा धर्म ध्वज, जानें इस अनुष्ठान का महत्व

अयोध्या में श्री राम के भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के पावन आयोजन के बाद अब एक और महत्वपूर्ण क्षण आने वाला है, जिसका सभी भक्तों को बेसब्री से इंतजार है। आज मंदिर के सर्वोच्च शिखर पर धर्म ध्वज का आरोहण किया जाएगा। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार यह ध्वजारोहण विवाह पंचमी के शुभ दिन संपन्न होगा। मंदिर पर ध्वज लगाना सनातन परंपरा में अत्यंत पवित्र कार्य माना गया है। शिखर पर लगा ध्वज भगवान की उपस्थिति का संकेत देता है और दूर से ही भक्तों को यह संदेश देता है कि यह स्थान दिव्यता से भरपूर है।



### दिव्य ऊर्जा का वाहक

मान्यता है कि मंदिर का शिखर, उस जगह का सबसे ऊंचा बिंदु होता है, जहां से ब्रह्मांडीय ऊर्जा सबसे पहले प्रवेश करती है। ध्वज इस दिव्य शक्ति और गर्भगृह में मौजूद ईश्वर की ऊर्जा के बीच एक माध्यम की तरह कार्य करता है। यही कारण है कि शिखर पर लगा ध्वज लगातार लहराते हुए पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

### मंदिर निर्माण पूर्ण होने का प्रतीक

किसी भी मंदिर पर ध्वज फहरना यह दर्शाता है कि उसका निर्माण अब पूर्ण हो चुका है और वह आध्यात्मिक रूप से सक्रिय माना गया है। राम मंदिर पर धर्म ध्वज का आरोहण इस महान निर्माण यात्रा के पूर्ण होने की घोषणा होगी, जो करोड़ों लोगों की वर्षों पुरानी प्रतीक्षा का अंत और उनके विश्वास का सम्मान भी है।

### आस्था की विजय का क्षण

राम मंदिर के शिखर पर लहराता केसरिया ध्वज उन संघर्षों, बलिदानों और भक्तों की अविचल श्रद्धा का प्रतीक बनेगा, जो पीढ़ियों तक चली। यह क्षण धर्म, सत्य और सांस्कृतिक गौरव की विजय का प्रतीक होगा। यह ध्वज भावनाओं और आस्था का स्वरूप बनकर शिखर पर स्थापित होगा।

### राम मंदिर का धर्म ध्वज कैसा होगा?

राम मंदिर के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया ध्वज केसरिया रंग का होगा, जिसे हिंदू धर्म में त्याग, तप और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। इस पर सूर्य देव का चिन्ह अंकित रहेगा, क्योंकि भगवान श्री राम सूर्यवंश से हैं और सूर्य शक्ति, तेज और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

### ध्वज शिखर पर ही क्यों लगाया जाता है

मंदिर के शिखर पर ध्वज लगाने की परंपरा अत्यंत प्राचीन और शास्त्रों में वर्णित है। कहा गया है कि ध्वज देवता की महिमा और प्रतिष्ठा को दर्शाता है। यह मंदिर की ऊंचाई के साथ भक्तिभाव की ऊंचाई भी प्रकट करता है। ध्वज लहरने से पूरे मंदिर परिसर में दिव्य ऊर्जा फैलती है।

## कुंडली में सूर्य कमजोर है? रविवार को करें ये शक्तिशाली उपाय

सूर्य को वैदिक ज्योतिष में जीवन शक्ति, आत्मविश्वास, ऊर्जा और प्रतिष्ठा का आधार माना गया है। माना जाता है कि जन्म कुंडली में सूर्य की मजबूत स्थिति व्यक्ति को नेतृत्व क्षमता, सम्मान और स्थिर सफलता प्रदान करती है। सूर्य की कृपा से व्यक्ति के भीतर सकारात्मकता, दृढ़ता और निर्णय लेने की क्षमता स्वतः विकसित होती है, जिससे जीवन के कई क्षेत्रों में उन्नति मिलती है।

लेकिन जब सूर्य कमजोर स्थिति में होता है, तब व्यक्ति को आत्मविश्वास की कमी, स्वास्थ्य संबंधी परेशानियाँ, पिता से अनबन, और करियर में रुकावटों जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में सूर्यदेव की उपासना विशेष रूप से रविवार को करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। रविवार के दिन किए गए सूर्य उपाय जीवन में ऊर्जा, सम्मान और सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

### रविवार की पूजा क्यों मानी जाती है खास?

हिंदू परंपरा में प्रतिदिन सूर्य को जल चढ़ाने का महत्व बताया गया है, लेकिन रविवार का दिन सूर्यदेव को समर्पित होने के कारण विशेष रूप से शुभ माना जाता है। इस दिन श्रद्धा और भक्ति के साथ सूर्य पूजा करने से आत्मविश्वास बढ़ता है, स्वास्थ्य में सुधार होता है और करियर तथा नौकरी में प्रगति के योग बनते हैं। माना जाता है कि सूर्य की कृपा से घर में सुख-शांति बनी रहती है, जीवन में आने वाली रुकावटें दूर होती हैं और व्यक्ति को सम्मान व स्थिरता प्राप्त होती है।



### रविवार को सूर्यदेव को अर्घ्य कैसे दें?

रविवार की सुबह सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करें और साफ-सुथरे कपड़े पहनें।

पूर्व दिशा की ओर मुख करके तांबे के लोटे में जल भरें।

इसमें रोली, अक्षत, लाल पुष्प और थोड़ी सी मिश्री मिला लें।

अब सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करें और जल की धारा के बीच से सूर्य को देखना शुभ माना जाता है।

### रविवार के उपाय

**मछलियों को आटा खिलाना:** जिन लोगों की कुंडली में सूर्य कमजोर माना जाता है, उन्हें रविवार के दिन मछलियों को आटे की गोलियाँ खिलाने की सलाह दी जाती है। यह उपाय सूर्य के नकारात्मक प्रभावों को कम करने और उसकी स्थिति को मजबूत करने में सहायक माना जाता है।

**लाल रंग धारण करना या दान देना:** लाल रंग सूर्य का प्रतीक है। रविवार को लाल कपड़े पहनना या गरीबों को लाल वस्त्र दान करना शुभ फल देता है। इससे बाधाएँ दूर होती हैं और सूर्यदेव की कृपा प्राप्त होती है।

**सूर्य मंत्र का जाप:** सूर्य की कृपा पाने और उनकी स्थिति मजबूत करने के लिए मंत्र-जप अत्यंत शुभ माना जाता है। यदि संभव हो तो प्रतिदिन 108 बार ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः मंत्र का जाप करें।

## क्या महिलाओं को नहीं बजाना चाहिए शंख?

हिंदू परंपराओं में शंख को अत्यंत शुभ माना गया है। अधिकतर हर शुभ काम की शुरुआत शंखनाद से होती है। माना जाता है कि शंख की ध्वनि वातावरण में मौजूद नकारात्मकता को दूर करती है और एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। इसी सकारात्मक प्रभाव के कारण सदियों से घर-घर में पूजा के समय शंख बजाने की परंपरा चली आ रही है। शंख सिर्फ आध्यात्मिक महत्व ही नहीं रखता, बल्कि इसे ऊर्जा, साहस और विजय का प्रतीक भी माना जाता रहा है। लेकिन वर्षों से एक सवाल उठता रहा है, क्या महिलाओं को शंख बजाने की अनुमति है? कुछ परिवारों में यह मान्यता है कि महिलाएं शंख नहीं बजातीं, जबकि कई स्थानों पर इसे धार्मिक नियम की तरह माना जाने लगा है। वास्तव में इस मान्यता की सच्चाई क्या है? क्या यह परंपरा, शास्त्रों पर आधारित है, या सिर्फ एक पुराना मिथक? आइए शास्त्रों, परंपराओं और ज्योतिषीय मान्यताओं के बारे में जानते हैं।

### क्या शास्त्रों में महिलाओं को शंख बजाने की मनाही है?

यदि धार्मिक ग्रंथों की बात करें तो किसी भी वेद, शास्त्र या पुराण में यह उल्लेख नहीं मिलता कि महिलाएं शंख नहीं बजा सकती हैं। शंख को भगवान विष्णु का प्रिय माना गया है और हर शुभ कार्य में इसका उपयोग होता है। ऐसे में महिलाओं पर प्रतिबंध का दावा केवल एक प्रचलित मान्यता है, न कि कोई शास्त्रीय निर्देश।

### महिलाओं के शंख बजाने से जुड़े मिथक

पुराने समय में यह माना जाता था कि महिलाओं के फेफड़े पुरुषों की तुलना में कम मजबूत होते हैं, इसलिए उनके लिए शंख बजाना कठिन होगा। घरेलू जिम्मेदारियों और शारीरिक थकान के कारण उनकी क्षमता कम मानी जाती थी, और धीरे-धीरे यह बात परंपरा बन गई कि महिलाएं शंख न बजाएं। जबकि वास्तव में यह दावा वैज्ञानिक या शास्त्रीय आधार पर गलत है। आज भी कई राज्यों में महिलाएं मंदिरों और त्योहारों के दौरान बड़े गर्व से शंख बजाती हैं। कोलकाता की दुर्गा पूजा इसका सबसे बड़ा प्रमाण है, जहां महिलाएं पूरे उत्साह के साथ शंखनाद करती हैं।

### क्यों किया जाता है मना?

दरअसल शंख बजाते समय सरी ऊर्जा नाभि क्षेत्र में केंद्रित होती है। माना जाता है यह प्रेशर महिलाओं के गर्भाशय पर हल्का प्रभाव डाल सकता है, इसलिए उन्हें रोजाना या लगातार शंख बजाने से बचना चाहिए। खासकर गर्भवती महिलाओं या शारीरिक रूप से कमजोर महिलाओं के लिए यह सावधानी बताई जाती है। हालांकि यह कोई धार्मिक मनाही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए एक सलाह है।

### क्या महिलाएं शंख बजा सकती हैं?

धार्मिक दृष्टि से महिलाओं के लिए शंख बजाना पूरी तरह शुभ माना गया है। यह केवल शारीरिक क्षमता पर निर्भर करता है कि कोई महिला रोज शंख बजा सकती है या नहीं। यदि स्वास्थ्य अनुकूल है, तो शास्त्रों में महिलाओं पर कोई मनाही नहीं है। महिलाएं भी पुरुषों की तरह शंखनाद कर सकती हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### कृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह मस्जिद विवाद: हिंदू पक्ष की याचिका पर एक दिसंबर को सुनवाई करेगा न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह कृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में एक हिंदू पक्ष की याचिका पर एक दिसंबर को सुनवाई करेगा। इस पक्ष ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें एक अन्य मुकदमे में एक अन्य पक्ष को भगवान कृष्ण के सभी भक्तों का प्रतिनिधि माना गया है। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि वह इस याचिका पर एक दिसंबर को सुनवाई करेगी, क्योंकि इस मुद्दे पर विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता है।

### बेंगलुरु के पास वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से दो नर्सिंग छात्राओं की मौत

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु के बाहरी इलाके में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से नर्सिंग प्रथम वर्ष की दो छात्राओं की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि छात्राओं की पहचान केरल निवासी स्टर्लिन एलिजा शाजी (19) और जस्टिन जोसेफ (20) के रूप में हुई है और वे यहां शहर के एक निजी संस्थान में बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थीं। पुलिस के मुताबिक, यह घटना रविवार दोपहर करीब दो बजकर 35 मिनट की है जब दोनों चिक्काबनवारा रेलवे स्टेशन के पास कथित तौर पर पटरियां पार कर पास में स्थित अपने 'पेइंग गेस्ट' जा रही थीं।

### देशभर की पंचायतें 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाएंगी, स्थानीय भाषाओं में पढ़ी जाएगी प्रस्तावना

**नयी दिल्ली :** पंचायती राज मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि 26 नवंबर को देश भर की करीब 2.63 लाख पंचायतें संविधान दिवस मनाएंगी और संविधान की प्रस्तावना स्थानीय भाषाओं में पढ़ी जाएगी। यहां जारी एक बयान में, मंत्रालय ने कहा कि संविधान दिवस पर सचिव विवेक भारद्वाज की अगुवाई में वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में प्रस्तावना पढ़ी जाएगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''पंचायती राज मंत्रालय 26 नवंबर 2025 को पूरे देश में सभी तीन–स्तरीय पंचायती राज संस्थानों और ग्रामीण स्थानीय निकायों में संविधान दिवस मनाने के लिए समन्वय कर रहा है।''

# भगवद् गीता धार्मिक सीमाओं से परे, धार्मिक जीवन जीने के लिए सार्वभौमिक मार्गदर्शक है : जयशंकर



**चंडीगढ़ :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कहा कि श्रीमद् भगवद् गीता धार्मिक सीमाओं से परे है और यह धार्मिक जीवन, आंतरिक शक्ति और आध्यात्मिक स्पष्टता के लिए एक सार्वभौमिक मार्गदर्शक है। जयशंकर ने यह बात एक वीडियो संदेश में कही, जिसे सोमवार को कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में प्रसारित किया गया। यह महोत्सव 15 नवंबर को शुरू हुआ था और पांच दिसंबर को समाप्त होगा। उन्होंने कहा, ''यह पवित्र ग्रंथ धार्मिक सीमाओं से परे है। यह धार्मिक जीवन, आंतरिक शक्ति और आध्यात्मिक स्पष्टता के लिए एक सार्वभौमिक मार्गदर्शक है।'' विदेश मंत्री ने कहा, ''इसकी शिक्षाएं विभिन्न पीढ़ियों और भौगोलिक क्षेत्रों के लोगों के मन को प्रभावित करती रहती हैं, बदलती दुनिया में मार्गदर्शन और ज्ञान प्रदान करती हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा 10वें अंतरराष्ट्रीय गीता सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद विदेश मंत्री का वीडियो संदेश प्रसारित किया गया। यह सम्मेलन तीन सप्ताह के महोत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, विदेश मंत्रालय और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था, और इसमें आध्यात्मिक नेताओं, विद्वानों, हरियाणा के कई कैबिनेट मंत्रियों, सांसद नवीन जिंदल और गीता मर्मज्ञ स्वामी ज्ञानानंद महाराज सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

# दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'गंभीर' के करीब, कई केंद्रों पर एक्यूआई 400 से अधिक दर्ज

**नयी दिल्ली :** सीपीसीबी के अनुसार, दिल्ली की वायु गुणवत्ता सोमवार को भी 'गंभीर' श्रेणी के करीब रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) शहर का समग्र एक्यूआई 382 रहा, जबकि 15 निगरानी केंद्रों ने 400 अंक से अधिक रीडिंग दर्ज की। सोमवार को 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 382 पर पहुंच गया, जो लगातार 11वें दिन 'बहुत खराब' श्रेणी में रहा। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, रविवार को औसत एक्यूआई 391, शनिवार को 370, शुक्रवार को 374, बृहस्पतिवार को 391, बुधवार को 392, मंगलवार को 374 और सोमवार को 351 रहा। दिल्ली के सभी निगरानी स्टेशनों से वास्तविक समय की रीडिंग प्रदर्शित करने वाले सीपीसीबी के समीर ऐप ने दिखाया कि 38 चालू केंद्रों में से 15 ने सोमवार को वायु गुणवत्ता को 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया।

### प्रदूषण के मद्देनजर दिल्ली सरकार, निजी कार्यालयों के 50 प्रतिशत कर्मचारी घर से करेंगे काम



बढ़ते वायु प्रदूषण के मद्देनजर चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के तीसरे चरण के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली सरकार के सभी कार्यालय और निजी प्रतिष्ठान 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ काम करेंगे और बाकी कर्मचारी घर से काम करेंगे। सोमवार को जारी एक आदेश से यह जानकारी मिली। यह निर्देश पर्यावरण विभाग की ओर से पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा पांच के तहत जारी किया गया है जिसे दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों और राजधानी में संचालित निजी संस्थानों पर लागू किया है। अस्पताल, निजी स्वास्थ्य प्रतिष्ठान, अग्निशमन सेवाएं, सार्वजनिक परिवहन, जल एवं साफ–सफाई जैसी आवश्यक सेवाओं को प्रतिबंध से छूट दी गई है।

### छत्तीसगढ़ के सुकमा में 15 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 15 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया जिनमें से नौ नक्सलियों पर कुल मिलाकर 48 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार जिले में 'पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी' (पीए–लजीए) बटालियन क्रमांक एक में सक्रिय चार नक्सलियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय कुल 15 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया जिनमें पांच महिला नक्सली भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में माड़वी सन्ना (28), सोड़ी हिड़मे (25), सूर्यम उर्फ रव्वा सोमा (30) और मीना उर्फ माड़वी भीमे (28) पर आठ–आठ लाख रुपये, सुनिता उर्फ कुहराम हुंगी (35) और मड़कम पांडू (30) पर पांच–पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। इसके अलावा तीन अन्य नक्सलियों पर तीन से एक लाख रुपये तक का इनाम घोषित था।

# हीमैन नहीं, सत्यकाम, अनुपमा, बंदिनी के संवेदनशील अभिनेता थे धर्मेंद्र



**नयी दिल्ली :** धर्मेंद्र को 'हीमैन' की छवि में बांधना शायद उन अभिनेता के साथ अन्याय होगा जो कभी 'सत्यकाम' के सिद्धांतवादी सत्यप्रिय था तो कभी अपनी कैदी से मूक प्रेम कर बैठा 'बंदिनी' का डॉक्टर अशोक तो कभी 'अनुपमा' को साहस देने वाला प्रेमी। वहीं उनके यादगार किरदारों में 'चुपके चुपके' के प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी या प्यारेमोहन इलाहाबादी को कौन भूल सकता है। धर्मेंद्र का जिक्र सिर्फ शराब पीकर पानी की टंकी पर चढकर बसंती की मौसी से नाराजगी जताने वाले वीरू या 'कुत्ते मैं तेरा खून पी जाऊंगा' कहते नायक के रूप में करना अभिनय में संवेदनशीलता की असाधारण मिसाल देने वाले उनके कई अमर किरदारों के साथ ज्यादती होगी। अस्सी के दशक के 'ही मैन' मार्का किरदारों से इतर साठ सत्तर के दशक में धर्मेंद्र ने बिमल रॉय और ऋषिकेश मुखर्जी जैसे निर्देशकों के साथ भावप्रणव अभिनय की छाप छोड़ी थी। बिमल रॉय की 1963 में आई 'बंदिनी' में कैदी नायिका (नूतन) से प्रेम कर बैठे जेल के डॉक्टर अशोक का किरदार सभी का मन मोह ले गया था। अशोक कुमार और नूतन जैसे दिग्गज कलाकारों की मौजूदगी के बावजूद धर्मेंद्र ने अपनी संक्षिप्त लेकिन दमदार भूमिका से सभी का ध्यान खींचा। इसके बाद 1966 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली ऋषिकेश मुखर्जी की 'अनुपमा' में उन्होंने अपनी स्पष्टवादिता के कारण बेरोजगार रहने वाले लेखक और शिक्षक अशोक की भूमिका निभाई जो नायिका अनुपमा (शर्मिला टैगोर) में आत्मविश्वास भरता है। संवाद कम थे लेकिन अभिव्यक्ति की ताकत और व्यक्तित्व की गरिमा ने उस किरदार को इतना लोकप्रिय बनाया कि आज तक सिनेप्रेमियों के जेहन में चस्पा है।

भारतीय सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी टाइमिंग की बात होगी तो उसमे 1975 में आई ऋषिकेश मुखर्जी की 'चुपके चुपके' में धर्मेंद्र के किरदार को हमेशा याद किया जायेगा। अपनी पत्नी के हिन्दीप्रेमी जीजा को उन्हीं की जबां में सबक सिखाने के लिये बॉटनी के प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी से ड्राइवर प्यारेमोहन बने धर्मेंद्र की सादगी, मासूमियत और संवाद अदायगी ने इस फिल्म को हर पीढी की पसंदीदा बना दिया। भाषा के इर्द गिर्द बनी इस फ़िल्म में शुद्ध हिंदी बोलने का नाटक करने वाले धर्मेंद्र के संवाद सिनेप्रेमियों को आज तक याद हैं। वह ख़ुद को ड्राइवर नहीं वाहन चालक बताते हैं, हाथ धोने को हस्त प्रक्षालन , ट्रेन को लौह पथ गामिनी बोलते हैं और यहां तक कहते हैं कि भोजन तो हमने लौह पथ गामिनी स्थल पर ही कर लिया था। पंजाब के साहनेवाल से मायानगरी मुंबई पहुंचे धर्मेंद्र को आज की पीढी भले ही 'ही मैन' के रूप में जानती हो लेकिन अभिनय की बुलंदियों को तो उन्होंने कैरियर के शुरूआती दौर में अपने शालीन, गरिमामय और दमदार अभिव्यक्ति से भरपूर इन किरदारों के दम पर छू लिया था। हिन्दी सिनेमा के इतिहास की कालजयी रचनाओं के ये किरदार भी स्वर्णिम विरासत का हिस्सा रहेंगे।

### अधिक नहीं चला धर्मेंद्र का राजनीतिक सफर

दशकों तक धर्मेंद्र ने बड़े पर्दे पर राज किया लेकिन 2004 में उन्होंने फिल्म सेट की जगह राजनीतिक रैलियां कीं तथा राजस्थान के बीकानेर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ा और जीत भी हासिल की। लुधियाना के पास साहनेवाल के मूल निवासी धर्मेंद्र के पंजाबी आकर्षण ने राजस्थान के मतदाताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके प्रचार अभियान में भारी भीड़ उमड़ती थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा को चुनावों में हार का सामना करना पड़ा, जबकि धर्मेंद्र अपने चुनावी पदार्पण में ही सफल रहे और उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार रामेश्वर लाल डूडी को लगभग 60,000 मतों से हराया। हालांकि, संसद में पहुंचने के बाद, उनका राजनीति से जल्द ही मोहभंग हो गया।

# इंडिया गेट के पास प्रदर्शन : दिल्ली पुलिस ने कहा, प्रदर्शनकारियों ने हिडमा के समर्थन में नारे लगाए

### पुलिसकर्मियों पर 'पेपर स्प्रे' इस्तेमाल के आरोप में 22 लोग गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने सोमवार को यहां एक अदालत को बताया कि प्रदूषण को लेकर इंडिया गेट के पास प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों पर कथित तौर पर 'पेपर स्प्रे' का इस्तेमाल करने के आरोप में गिरफ्तार पांच प्रदर्शनकारी मारे गए माओवादी नेता माडवी हिडमा के समर्थन में नारे लगा रहे थे। न्यायिक मजिस्ट्रेट अरिदमन सिंह चीमा ने उन पांच छात्रों के खिलाफ मामले की सुनवाई की जिनके खिलाफ कर्तव्य पथ थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के विभिन्न प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पांचों प्रदर्शनकारियों को दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अदालत ने मामले में एक व्यक्ति को उसकी उम्र का सत्यापन होने तक निगरानी गृह भेज दिया। अदालत ने जिन पांच छात्रों को न्यायिक हिरासत में भेजा है, उनकी पहचान आकाश, अहान, अक्षय, समीर और विष्णु के तौर पर की गई है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 79 (महिला की गरिमा भंग करने के इरादे से किया गया कृत्य) 74 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 115(2) (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 221 (सरकारी कर्मचारियों के कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा डालना) और 223 (सरकारी कर्मचारी के वैध आदेश की अवज्ञा) सहित सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।




### राजनीतिक दलों को मिले नकद चंदे से संबंधित याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र सरकार, निर्वाचन आयोग और अन्य को नोटिस जारी करते हुए उस याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें राजनीतिक दलों को 2,000 रुपये से कम का गुमनाम नकद चंदा लेने की अनुमति देने वाले आयकर अधिनियम के प्रावधान को चुनौती दी गई है। याचिका के अनुसार नकद चंदों में पारदर्शिता की कमी चुनावी प्रक्रिया की शुचिता को प्रभावित करती है और मतदाताओं को दानदाताओं तथा उनके उद्देश्यों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी से वंचित करती है, जिससे वे सूचित निर्णय नहीं ले पाते। याचिकाकर्ता ने यह भी मांग की है कि राजनीतिक दलों के पंजीकरण और चुनाव चिन्ह आवंटन की शर्तों में नकद चंदा पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद तय की है।

# टिहरी में बस दुर्घटना में पांच श्रद्धालुओं की मौत, चालक समेत 13 अन्य घायल



**नयी टिहरी :** उत्तराखंड के टिहरी जिले के नरेन्द्रनगर क्षेत्र में कुंजापुरी मंदिर के पास सोमवार को एक बस के खाई में गिरने से उसमें सवार पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई और चालक समेत 13 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं का दल सोमवार सुबह ऋषिकेश के दयानंद आश्रम से कुंजापुरी दर्शन के लिए पहुंचा था। उन्होंने बताया कि दर्शन करके लौटने के बाद चालक ने जैसे ही बस को चालू करने के उपरांत आगे बढ़ाया, उसके ब्रेक फेल हो गए और वह खाई में गिर गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीम मौके पर पहुंचीं और बचाव एवं राहत अभियान शुरू किया। वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और अभियान की निगरानी की। अधिकारियों ने बताया कि बस के सड़क से 70 मीटर नीचे खाई में गिर जाने से पांच श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई और 13 घायलों को नरेन्द्रनगर के श्रीदेव सुमन जिला उप–चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां से छह की गंभीर अवस्था को देखते हुए उन्हें ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रेफर कर दिया गया। हादसे के समय बस में 28 लोग सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि बस के चालक शंभू समेत अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। मृतकों की पहचान दिल्ली के द्वारका निवासी अनीता चौहान (50), उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी आशु त्यागी (51), महाराष्ट्र के नागपुर निवासी नमिता प्रबोध काले (58), बेंगलुरु निवासी अनुजा वेंकटरामन (48) और गुजरात के वडोदरा निवासी पार्थसारथी जोशी (70) के रूप में हुई है। उधर, ऋषिकेश एम्स के जनसंपर्क अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि दुर्घटना में घायल छह व्यक्तियों को ट्रॉमा विभाग में भर्ती कराया गया है।

# अरुणाचल प्रदेश की महिला को शंघाई हवाई अड्डे पर रोका गया, चीन ने भारतीय पासपोर्ट को 'अवैध' बताया

### भारत ने महिला के उत्पीड़न को लेकर चीन के समक्ष विरोध दर्ज कराया

**ईटानगर :** ब्रिटेन में रहने वाली अरुणाचल प्रदेश की एक महिला ने आरोप लगाया है कि चीन के शंघाई हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने पारगमन ठहराव के दौरान उनके भारतीय पासपोर्ट को मानने से इनकार करने के बाद उन्हें लगभग 18 घंटे तक हिरासत में रखा, जिससे बीजिंग द्वारा भारत की क्षेत्रीय संप्रभुता को चुनौती देने के बार–बार के प्रयासों से चिंताएं बढ़ गई हैं। प्रेमा वांगजोम थोंगडोक ने दावा किया कि 21 नवंबर को वह लंदन से जापान की यात्रा कर रही थीं और उनके तीन घंटे का निर्धारित ठहराव एक भयावह अनुभव में बदल गया जब आव्रजन



कर्मियों ने उनके पासपोर्ट को केवल इसलिए 'अवैध' घोषित कर दिया क्योंकि उसमें अरुणाचल प्रदेश को उनके जन्मस्थान के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। थोंगडोक ने दावा किया कि चीनी अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि अरुणाचल प्रदेश 'चीन का हिस्सा है' और आगे की प्रक्रिया की अनुमति देने से पहले उन्होंने उनकी बात स्वीकार करने की मांग की। उनका परिवार का संबंध पश्चिम कामेंग जिले के रूपा से है। महिला ने रविवार को 'एक्स' पर एक विस्तृत पोस्ट में, दावा किया, ''मुझे 21 नवंबर 2025 को चीन आव्रजन और चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस द्वारा शंघाई हवाई अड्डे पर 18 घंटे से अधिक समय तक रोके रखा गया। उन्होंने मेरे भारतीय पासपोर्ट को अवैध कहा क्योंकि मेरा जन्मस्थान अरुणाचल प्रदेश है, जिसे उन्होंने चीनी क्षेत्र होने का दावा किया।''

# 'हैमर' हथियार प्रणाली के लिए फ्रांसीसी कंपनी के साथ समझौता हुआ

**नयी दिल्ली :** भारत में रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के एक प्रमुख उपक्रम और एक फ्रांसीसी कंपनी ने भारत में सटीक लक्ष्यभेदी हथियार प्रणाली 'हैमर' (हाइली एजाइल मॉड्यूलर म्यूनिशन एक्सटेंडेड रेंज) के उत्पादन के लिए एक संयुक्त उद्यम सहयोग समझौते (जेवीसीए) पर सोमवार को हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, हैमर एक ऐसा हथियार है, जिसे युद्ध में प्रभावी साबित किया जा चुका है। यह बहुत सटीक निशाना लगाने वाला और अलग–अलग प्रकार के विमानों पर इस्तेमाल किए जाने लायक ढांचा रखता है। इसकी बनावट ऐसी है कि इसे राफेल लड़ाकू विमान से लेकर हल्के लड़ाकू विमान तेजस तक कई प्लेटफ़ॉर्म पर लगाया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मेक–इन–इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और फ्रांस की सफरान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड डिफेंस (एसईडी) ने भारत में 'हैमर' के उत्पादन के लिए एक संयुक्त उद्यम सहयोग समझौते (जेवीसीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता दिल्ली में सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार और सफरान के सीईओ ओलिवियर एंड्रीज की उपस्थिति में संपन्न हुआ। यह समझौता 11 फरवरी, 2025 को एयरो इंडिया के दौरान बीईएल एवं एसईडी के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन में व्यक्त इरादों को औपचारिक रूप देता है और भारत में एक संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) स्थापित करने की दोनों पक्षों की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।




### उत्तराखंड: बदरीनाथ के कपाट बंद होने के साथ ही मंगलवार को होगा चारधाम यात्रा का समापन

**देहरादून :** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्वविख्यात बदरीनाथ धाम के कपाट मंगलवार को शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे और इसी के साथ इस वर्ष की चारधाम यात्रा का औपचारिक समापन हो जाएगा। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार अपराह्न दो बजकर 56 मिनट पर बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल हेतु बंद कर दिए जाएंगे। बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद होने के साथ ही इस वर्ष की चारधाम यात्रा का समापन हो जाएगा। गढ़वाल हिमालय के चार में से तीन धामों के कपाट पहले ही बंद किए जा चुके हैं।

# स्वदेश निर्मित पनडुब्बी रोधी युद्धक जहाज आईएनएस माहे भारतीय नौसेना में शामिल

**मुंबई :** भारतीय नौसेना ने सोमवार को आईएनएस माहे को अपने बेड़े में शामिल किया, जो माहे श्रेणी का पहला पनडुब्बी रोधी युद्धक जहाज है। इस जहाज के सेवा में शामिल होने से नौसेना की युद्ध क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी आईएनएस माहे के जलावतरण के अवसर पर मुख्य अतिथि थे। यह जलपोत उथले जल के स्वदेशी लड़ाकू जहाजों की नयी पीढ़ी का प्रतीक है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि आईएनएस माहे का जलावतरण न केवल देश की समुद्री युद्ध व्यवस्था में एक शक्तिशाली नए पोत के शामिल होने का प्रतीक है, बल्कि यह स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के साथ जटिल लड़ाकू जहाजों को डिजाइन करने, निर्माण करने और तैनात करने की भारत की समुद्री क्षमता को भी दिखाता है। उन्होंने कहा कि इसके सेवा में शामिल होने से भारतीय नौसेना की समुद्री प्रभुत्व सुनिश्चित करने, तटीय सुरक्षा तंत्र को मज़बूत करने और देश के विशाल तटीय जलक्षेत्र में भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। सेना प्रमुख ने कहा कि यह नौसेना में निरंतर परिवर्तन की भी पुष्टि करता है, जो अपने लड़ाकू प्लेटफ़ॉर्म का डिज़ाइन, निर्माण और रखरखाव स्वयं करती है। एक अधिकारी ने बताया कि यह पहली बार था कि नौसेना के किसी जहाज के जलावतरण के अवसर पर सेना प्रमुख मौजूद थे। अधिकारी ने बताया कि समारोह के बाद जनरल द्विवेदी ने जहाज को नौसेना में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नौसेना कर्मियों को चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह एक दुर्लभ उपलब्धि है, जो आने वाले दिनों में और अधिक देखने को मिलेगी, क्योंकि सेना के तीनों अंगों के बीच तालमेल का स्तर बढ़ रहा है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारतीय नौसेना पड़ोस के साथ–साथ दूर–दराज के देशों में वैश्विक परिवेश में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जहां सेना के प्रयास सौम्य और कठोर कूटनीति में पूरक और सहयोगी दोनों भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने इसे स्मार्ट कूटनीति बताया।



# स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली 'कवच' सितंबर 2025 तक 654 किलोमीटर मार्ग पर काम करने लगी

**नयी दिल्ली :** स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच 4.0' सितंबर 2025 तक 654 किलोमीटर रेलमार्ग पर काम करने लगी है। रेल मंत्रालय ने यह जानकारी सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत किये गए आवेदन के जवाब में दी है। मंत्रालय ने बताया कि कवच प्रणाली 155 रेलवे स्टेशन और 2,892 इंजन पर स्थापित की गई है। रेल मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि देश भर के सभी 18 रेलवे जोन में व्यापक कार्य चल रहा है तथा बहुत जल्द ही और अधिक क्षेत्रों में इस प्रणाली को स्थापित करने का काम शुरू हो जाएगा। 'कवच' लोको पायलट को निर्धारित गति सीमा के भीतर ट्रेन चलाने में मदद करता है, यदि वे ऐसा करने में विफल रहते हैं तो यह स्वचालित रूप से ब्रेक लगा देता है।



इसे देश में ही डिजाइन, विकसित और तैयार किया गया है। इसका यात्री ट्रेनों में पहला क्षेत्र परीक्षण फरवरी 2016 में शुरू हुआ और जुलाई 2020 में इसे राष्ट्रीय स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली के रूप में अपनाया गया। आरटीआई के तहत पूछे गए प्रश्न के उत्तर में रेल मंत्रालय ने बताया कि 324 किलोमीटर के कोटा–मथुरा खंड पर 30 जुलाई, 2025 को यह प्रणाली चालू कर दी गई। इसके बाद 225 किमी के कोटा–नागदा खंड पर इस प्रणाली को सात अक्टूबर, 2025 को चालू किया गया। मंत्रालय ने बताया, ''इसके साथ ही, पूरे मथुरा–नागदा (549 मार्ग किमी) खंड को कवच 4.0 से लैस कर दिया गया है।'' उसने बताया कि कवच 4.0 को पूर्व रेलवे के 105 किमी हावड़ा–बर्धमान खंड पर भी चालू कर दिया गया है। चंद्रशेखर गौड़ ने आरटीआई आवेदन कर सितंबर 2025 तक उन स्टेशनों और इंजन की संख्या के बारे में भी जानकारी मांगी, जहां कवच प्रणाली स्थापित की गयी है। कवच एक जटिल प्रणाली है जिसमें कई घटक होते हैं, जैसे लोको कवच, स्टेशन कवच, दूरसंचार टावर, ट्रैक की पूरी लंबाई में आरएफआईडी टैग आदि।

## न्यूज ब्रीफ

### धवन, हरभजन और स्टेन लीजेंड्स प्रो टी20 लीग का आकर्षण होंगे

**नयी दिल्ली:** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन और हरभजन सिंह तथा दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन और ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर शेन वाटसन 26 जनवरी से चार फरवरी तक गोवा में होने वाली लीजेंड्स प्रो टी20 लीग में आकर्षण का केंद्र होंगे। आयोजकों ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क को लीग आयुक्त नियुक्त किया गया है। इस लीग में छह फ्रेंचाइजी आधारित टीम और 90 दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिताओं के मुकाबलों का आयोजन 1919 स्पोर्ट्ज़ क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा।

### प्रांजलि ने बधिर ओलंपिक में 25 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता

**तोक्यो:** भारतीय निशानेबाज प्रांजलि प्रशांत धूमल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जो डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) में उनका तीसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने अभिनव देशवाल के साथ मिश्रित पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण और महिला एयर पिस्टल में रजत पदक जीता था। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में यूक्रेन की मोसिना हालिना ने रजत और कोरिया की जियोन जिवोन ने कांस्य पदक जीता। भारत की एक अन्य खिलाड़ी और महिलाओं की एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली अनुया प्रसाद चौथे स्थान पर रहीं। प्रांजलि ने 600 में से 573 अंक के नए क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड के साथ फाइनल में प्रवेश किया था। उन्होंने पिछले वर्ष जर्मनी में विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। अनुया प्रसाद क्वालीफिकेशन में 569 स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। प्रांजलि ने फाइनल में 34 अंक बनाए, जो मोसिना से दो अंक ज़्यादा थे, जिन्होंने रजत पदक जीता।

# भारत ने ढाका में महिला कबड्डी विश्व कप जीता

**ढाका:** भारतीय महिला कबड्डी टीम ने सोमवार को चीनी ताइपै को 35 – 28 से हराकर लगातार दूसरा विश्व कप खिताब जीत लिया। भारत 11 देशों के टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा,'भारतीय महिला कबड्डी टीम को विश्व कप 2025 जीतकर देश को गौरवान्वित करने के लिये बधाई। उन्होंने जबर्दस्त कौशल, प्रतिबद्धता और दृढता का प्रदश्रन किया। उनकी जीत से अनगिनत युवाओं को कबड्डी खेलने, बड़े सपने देखने और ऊंचे लक्ष्य तय करने की प्रेरणा मिलेगी।' भारत ने सेमीफाइनल में ईरान को 33.21 से हराया था। दूसरी ओर चीनी ताइपै ने बांग्लादेश को 25.18 से मात दी थी। गृहमंत्री अमित शाह ने टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा ,'हमारी महिला कबड्डी टीम ने इतिहास रचाा जो गर्व का पल है। पूरी टीम को महिला कबड्डी विश्व कप जीतने पर बधाई। आपकी शानदार जीत ने फिर साबित कर दिया कि भारत की खेल प्रतिभायें शिखर पर क्यो हैं। भविष्य के लिये शुभकामनायें।'



## हमारे मौजूदा खिलाड़ियों को शारीरिक तौर पर और बेहतर होना होगा : साइना नेहवाल

**नयी दिल्ली:** ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना ने-हवाल ने भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन की मांगों पर खरा उतरने और प्रदर्शन में निरंतरता लाने के लिये अपनी शारीरिक फिटनेस बेहतर करने की सलाह दी है। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता साइना ने पीटीआई से बातचीत में बताया कि मौजूदा पीढी के लिये चोटें आम बात हो गई है और महिला एकल खिलाड़ियों की नयी जमात में आक्रामकता का अभाव है। लीजैंड्स विजन लीगेसी टूर इंडिया के लिये शहर में आई साइना ने कहा ,'हमें प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। हमे सात्विक



. चिराग, लक्ष्य या सिंधू या आने वाले खिलाड़ियों से लगातार अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। हमे नतीजे चाहिये।' उन्होंने कहा ,'उन्हें अच्छे ट्रेनर और फिजियो देखने चाहिये।

## टेस्ट क्रिकेट के लिये जरूरी जज्बे की कमी थी : कुंबले

**गुवाहाटी:** महान स्पिनर अनिल कुंबले ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत के 288 रन से पिछड़ने के बाद भारतीय बल्लेबाजों के रवैये की आलोचना की जबकि तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने लगातार तीसरे दिन दबदबा बनाने वाली अपनी टीम की तारीफ की। भारतीय टीम तीसरे दिन दूसरी पारी में 201 रन पर आउट हो गई। छह फुट आठ इंच लंबे मार्को यानसेन ने 93 रन बनाने के बाद 48 रन देकर छह विकेट चटकाये। कुंबले ने जियो स्टार से कहा ,'मुझे लगता है कि भारत की बल्लेबाजी काफी खराब थी। टेस्ट क्रिकेट के लिये जरूरी जज्बा और संयम नहीं था। कुछ अच्छी गेंदें



फेंकी गई लेकिन बल्लेबाज कठिन स्पैल के लिये तैयार नहीं थे।' पहला टेस्ट जीत चुके दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 489 रन बनाये थे। कुंबले ने कहा ,'ऐसा लगता है कि जल्दी लक्ष्य का पीछा करने की ही सोच थी जो टेस्ट मैच में अवास्तविक है। इतने बड़े

## आप 1.4 अरब लोगों की उम्मीद हो, मांडविया ने खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों के खिलाड़ियों से कहा

**जयपुर:** खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों के पांचवें सत्र की सोमवार को यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में रंगारंग शुरुआत हुई। समारोह के दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों से कहा कि 'आप 1.4 अरब भारतीयों की उम्मीद हैं।'' यह प्रतियोगिता भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के तत्वावधान में राजस्थान सरकार, राज्य खेल परिषद और भारतीय विश्वविद्यालय संघ के साथ मिलकर राष्ट्रीय खेल महासंघों के तकनीक समर्थन से हो रहा है। पूर्णिमा विश्वविद्यालय प्रतियोगिता की मेजबान विश्वविद्यालय है। पांच दिसंबर तक चलने वाले इन खेलों का आयोजन राजस्थान के सात शहरों में किया जाएगा जिसमें 222 विश्वविद्यालयों के 4448 खिलाड़ी 23 पदक खेलों में चुनौती पेश करेंगे। खेल मंत्रालय के स्थानीय खेलों को बढ़ावा देने की योजना के अनुसार खो-खो प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल होगा। प्रतियोगिता में 296 स्वर्ण पदक दांव पर होंगे। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मांडविया की मौजूदगी में खेलों के उद्घाटन की घोषणा की। मांडविया ने कहा, 'मैं यहां खड़ा होकर सिर्फ खिलाड़ियों की भीड़ नहीं देख रहा हूं – मैं 1.4 अरब भारतीयों की उम्मीदें देख रहा हूं। आप खेलों के कल के नायक होंगे।

## गैर-जिम्मेदाराना बल्लेबाज़ी से भारत 201 पर ढेर, दक्षिण अफ्रीका की पकड़ और मजबूत

**गुवाहाटी:** गुवाहाटी में खेले जा रहे दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारतीय टीम पहली पारी में मात्र 201 रन पर सिमट गई। कप्तान ऋषभ पंत सहित शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज़ गैर-जिम्मेदाराना शॉट खेलकर अपने विकेट गंवा बैठे, जबकि पिच बल्लेबाज़ी के अनुकूल बनी हुई थी। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाकर भारत पर 288 रन की भारी बढ़त हासिल कर ली थी। फॉलो-ऑन न देकर उन्होंने दूसरी पारी में बल्लेबाज़ी चुनी और दिन का खेल समाप्त होने तक बिना विकेट खोए 26 रन बना लिए। इस तरह उनकी कुल बढ़त 314 रन हो गई है और वे श्रृंखला में क्लीन स्वीप की ओर अग्रसर हैं। भारत की पारी की शुरुआत अच्छी रही थी। एक समय टीम का स्कोर एक विकेट पर 95 रन था, लेकिन इसके बाद भारतीय बल्लेबाज़ अचानक बिखर गए और 27 रन के भीतर छह विकेट गिर गए। यशस्वी जायसवाल ने 58 रन की आकर्षक पारी खेली, वहीं केएल राहुल ने 22 रन बटोरे। लेकिन हार्मर की उछाल लेती गेंद पर जायसवाल और महाराज की टर्न लेती गेंद पर राहुल पवेलियन लौट गए। साई सुदर्शन फिर से बैकफुट पर फंसकर आउट हुए, ध्रुव जुरेल ने अनावश्यक पुल शॉट खेला और पंत ने कठिन हालात में आक्रामक शॉट का चयन कर विकेट दे दिया।



### कई बार आप योजनाओं को सही तरह से लागू नहीं कर पाते: वाशिंगटन

गुवाहाटी में तीसरे दिन के खेल के बाद वाशिंगटन सुंदर ने कहा कि कई बार योजनाएँ सही होते हुए भी उसे क्रियान्वित नहीं कर पाना टीम को नुकसान पहुंचा देता है। उन्होंने ध्रुव जुरेल और कप्तान ऋषभ पंत के शॉर्ट गेंदों पर आउट होने पर कहा कि किसी दिन वही शॉट सीमा पार चले जाते, लेकिन आज ऐसा नहीं हुआ। वाशिंगटन के मुताबिक पंत का कौशल और रणनीति पर भरोसा करना चाहिए, बस लागू करने में कमी रह गई। उन्होंने पिच को बल्लेबाजी के लिए अच्छा बताते हुए कहा कि यह भारत में कम ही देखने को मिलता है और क्रीज पर टिककर रन बनाए जा सकते हैं।

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 48 रन देकर छह विकेट झटके। स्पिनर साइमन हार्मर ने तीन विकेट लेकर उनका सहयोग किया। मार्क्रम ने फील्डिंग में बेहतरीन योगदान देते हुए पाँच कैच पकड़े। भारतीय टीम की पारी में सबसे अच्छी साझेदारी निचले क्रम से आई। वाशिंगटन सुंदर (48) और कुलदीप यादव (19) ने आठवें विकेट के लिए 72 रन जोड़कर संघर्ष दिखाया। लेकिन दोनों के आउट होते ही शेष बल्लेबाज़ जल्दी पवेलियन लौट गए। पहले टेस्ट में जीत हासिल कर चुके दक्षिण अफ्रीका की पकड़ इस मुकाबले पर काफी मजबूत हो गई है और भारत को पारी बचाने के लिए चमत्कारिक प्रदर्शन की जरूरत होगी।

## मोदी ने भारतीय दृष्टिबाधित महिला टीम की टी20 विश्व कप जीत की सराहना की

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम को पहला टी20 विश्व कप जीतने पर बधाई देते हुए सोमवार को कहा कि यह जीत टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का शानदार उदाहरण है। भारत ने रविवार को कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल में नेपाल को सात विकेट से हराकर टूर्नामेंट जीता। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए नेपाल को पांच विकेट पर 114 रन पर रोक दिया और फिर 12 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर खिताब अपने नाम किया। मोदी ने अपने एक्स पेज पर लिखा, 'पहला



दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप जीतकर इतिहास रचने के लिए भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम को बधाई। इससे भी अधिक सराहनीय बात यह है कि वे टूर्नामेंट में अजेय रहीं।' उन्होंने कहा, 'यह वास्तव में एक ऐतिहासिक खेल उपलब्धि है। यह कड़ी मेहनत, टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का शानदार उदाहरण है। प्रत्येक खिलाड़ी एक चैंपियन है। टीम को भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं। उसकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी।' मोदी ने हाल ही में ग्रेटर नोएडा में आयोजित विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय मुक्केबाजों की भी सराहना की। मोदी ने लिखा, 'हमारे खिलाड़ियों ने विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करके नौ स्वर्ण सहित 20 पदक जीते। यह हमारे मुक्केबाजों के दृढ़ संकल्प का परिणाम है।



## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट; सेंसेक्स 331 अंक टूटा, निफ्टी 26,000 के नीचे

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। सतर्क निवेशकों की अंतिम समय में बिकवाली और किसी ठोस संकेतक के अभाव में सेंसेक्स 331 अंक गिर गया जबकि एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के नीचे आ गया। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाते हुए 331.21 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85,000 के नीचे 84,900.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 521.81 अंक तक लुढ़क गया था। इसी तरह, पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 108.65 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,959.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा और एचडीएफसी बैंक लाभ में रहे।



जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'एक सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद, सोमवार को बाजार आखिरी आधे घंटे में बिकवाली के कारण गिरावट के साथ बंद हुआ। निफ्टी सूचकांक 26,000 अंक की महत्वपूर्ण सीमा से ऊपर नहीं टिक सका। अमेरिका-भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में देरी जैसी चीजों को देखते हुए निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।' नायर ने कहा, 'आईटी शेयरों में चुनिंदा लिवाली से कुछ समर्थन मिला। अच्छी बात यह है कि दिसंबर में फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में कटौती की नई उम्मीद और अमेरिकी रोजगार आंकड़ों में गिरावट के जोखिम के बीच वैश्विक बाजार में उम्मीद बनी हुई है।'

## भारत, यूरोपीय संघ 27 जनवरी को एफटीए, रणनीतिक एजेंडा को दे सकते हैं अंतिम रूप

**नयी दिल्ली:** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच यूरोपीय संघ की भारत के साथ मिलकर एक व्यापक वैश्विक एजेंडा बनाने पर नजर है। साथ ही दोनों पक्ष 27 जनवरी को अपने वार्षिक शिखर सम्मेलन में मुक्त व्यापार समझौते, रक्षा रूपरेखा समझौते और एक रणनीतिक एजेंडा को अंतिम रूप दे सकते हैं। शीर्ष राजनयिक सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि नई दिल्ली में होने वाले शिखर सम्मेलन में मुक्त व्यापार समझौता एक 'जीवंत दस्तावेज' होगा जिस पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे को सुलझाने के लिए काम जारी रखा जा सकता है। यूरोपीय संघ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'अमेरिका की अनुपस्थिति में, भारत और यूरोपीय संघ, फ्रांस के साथ मिलकर वैश्विक संचालन व्यवस्था को लेकर एजेंडा तय कर सकते हैं....। भारत उन बड़े देशों में से एक है जिनके साथ हम काम करते हैं और जिन पर हम भरोसा कर सकते हैं।' ऐसे समय, जब दुनिया अमेरिका की शुल्क नीति के कारण व्यापार में बाधाओं का सामना कर रही है, प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से दोनों पक्षों के बीच संबंध और भी प्रगाढ़ होने की उम्मीद है। इसका सकारात्मक प्रभाव कई अन्य क्षेत्रों में भी पड़ेगा। ऐसा समझा जाता है कि दोनों पक्षों ने कृषि बाजार पहुंच और शराब से संबंधित मुद्दों को पहले ही सुलझा लिया है। यहां तक कि उत्पत्ति के नियमों से संबंधित धाराओं के मामले में भी आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि दोनों पक्षों को अभी तक स्टील, कार और यूरोपीय संघ के कार्बन सीमा समायोजन प्रणाली के साथ-साथ कुछ नियामकीय मुद्दों को सुलझाना बाकी है।

# भारत, कनाडा एफटीए वार्ता फिर शुरू करने पर सहमत: गोयल

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और कनाडा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत फिर से शुरू करने पर सहमत हो गए हैं। इसका मकसद 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक बढ़ाना है। गोयल ने सोमवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि एफटीए या व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) में कई रणनीतिक पहलू होते हैं और यह दोनों देशों के बीच विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से दोनों पक्षों के निवेशकों और कारोबारियों का विश्वास बढ़ेगा। मंत्री ने कहा, 'हम उच्च-महत्वाकांक्षी सीईपीए पर वार्ता शुरू करने और 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार



को दोगुना करने पर सहमत हुए हैं।' उन्होंने कहा कि दोनों देश स्वाभाविक सहयोगी हैं और एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। गोयल ने कहा कि भारत और कनाडा की ताकतें व्यवसायों एवं निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति बन सकती हैं। मंत्री ने कहा, 'हम कनाडा से बहुत कुछ सीख सकते हैं और कनाडा को बहुत कुछ दे सकते हैं। महत्वपूर्ण खनिजों और महत्वपूर्ण खनिजों की प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों में अपार संभावनाएं हैं। परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में, खासकर यूरेनियम आपूर्ति के क्षेत्र में कनाडा के साथ हमारे सहयोग को लेकर अच्छी संभावनाएं हैं।' उन्होंने कहा, 'हम दोनों ओर अपनी आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता ला सकते हैं।' कनाडा ने 2023 में भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत रोक दी थी। 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के संभावित संबंध होने के कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद दोनों देशों के संबंधों में तनाव उत्पन्न हुआ था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को 'बेतुका' बताते हुए खारिज कर दिया था। मार्च 2022 में दोनों देशों ने एक अंतरिम समझौते के लिए वार्ता फिर से शुरू की थी, जिसे आधिकारिक तौर पर प्रारंभिक प्रगति व्यापार समझौता (ईपीटीए) कहा गया था। व्यापार समझौते पर अब तक छह से अधिक दौर की वार्ता हो चुकी है।

### सैमसंग ने नेक्स्ट-जेन आर20 अल्ट्रासाउंड सिस्टम लॉन्च किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** सैमसंग ने जनरल इमेजिंग के लिए अपना उन्नत आर20 अल्ट्रासाउंड सिस्टम पेश किया है, जो क्रिस्टल आर्किटेक्चर' पर आधारित बेहतरीन इमेज क्लैरिटी और डायग्नोस्टिक सटीकता प्रदान करता है। यह सिस्टम एआई-संचालित फीचर्स जैसे लाइव लिवरअसिस्ट, लाइव ब्रेस्टअसिस्ट, ऑटो मेजरमेंट टूल्स और डीप यूएसएफएफ से लैस है, जो स्कैनिंग और रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं को तेज, आसान और अधिक विश्वसनीय बनाते हैं। अल्ट्रा-एचडी ओएलइडी मॉनिटर और शक्तिशाली जीपीयू हर स्कैन में स्पष्ट विज़ुअलाइज़ेशन सुनिश्चित करते हैं। पेट, ब्रेस्ट, थायरॉइड, वैस्कुलर और स्त्रीरोग इमेजिंग जैसे विभिन्न क्लिनिकल प्रयोगों में यह सिस्टम बेहतरीन प्रदर्शन देता है। इसका एर्गोनॉमिक डिजाइन डॉक्टरों की थकान कम करने और वर्कफ्लो दक्षता बढ़ाने में मदद करता है, जिससे हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी को नई दिशा मिलती है।

## भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने को इच्छुक अफगानिस्तान: मंत्री अजीजी



**नयी दिल्ली:** अफगानिस्तान के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी ने सोमवार को कहा कि अफगानिस्तान से एक वाणिज्यिक अताशे एक महीने के भीतर भारत आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि काबुल द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने को इच्छुक है। अजीजी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि निजी निवेश के मामले में दोनों पक्षों की ओर से 'दृढ़ इच्छा शक्ति' है। उन्होंने 21 नवंबर को भारतीय कंपनियों को अफगानिस्तान में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने और आर्थिक सहयोग को प्रगाढ़ बनाने के लिए अनुकूल माहौल का वादा किया। अजीजी ने कहा कि खनन, कृषि, स्वास्थ्य एवं औषधि, सूचना प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और वस्त्र उद्योग जैसे क्षेत्रों में वाणिज्यिक जुड़ाव के महत्वपूर्ण अवसर मौजूद हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ पिछले सप्ताह देश की पांच दिवसीय यात्रा पर नयी दिल्ली पहुंचे। अफगान दूतावास में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अजीजी ने हाल ही में लिए गए उस फैसले का जिक्र किया जिसके तहत भारत और अफगानिस्तान ने एक-दूसरे की राजधानियों में अलग से वाणिज्यिक अताशे नियुक्त करने का फैसला किया है ताकि द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाया जा सके, जो फिलहाल एक अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा है।

### अफगानिस्तान ने सोने के खनन व नए क्षेत्रों में भारतीय निवेशकों को पांच साल की कर छूट की पेशकश की

**नयी दिल्ली:** अफगानिस्तान के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी ने विभिन्न क्षेत्रों में निवेश का आह्वान करते हुए ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार सोने के खनन सहित नए क्षेत्रों में निवेश करने वाली कंपनियों को पांच साल की कर छूट देने के लिए तैयार है। उद्योग मंडल 'एसोचैम' द्वारा आयोजित एक परिचर्चा सत्र में अजीजी ने कहा कि पाकिस्तान के साथ तनाव व्यापार में बाधा उत्पन्न कर रहा है। मंत्री ने कहा, 'अफगानिस्तान में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। आपको अधिक प्रतिस्पर्धी भी नहीं मिलेंगे। आपको शुल्क सहायता भी मिलेगी और हम आपको जमीन भी दे सकेंगे। पांच साल की कर छूट उन कंपनियों को दी जाएगी जो नए क्षेत्रों में निवेश करने में रुचि रखती हैं।'

## न्यूज अपडेट

### मजबूत रुपये, कमजोर वैश्विक संकेतों से सोना 700 रुपये टूटा, चांदी भी कमजोर

**नयी दिल्ली:** रुपये में मजबूती और कमजोर वैश्विक रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 700 रुपये घटकर 1,25,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। बाजार के लोगों ने यह जानकारी दी है। लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रखते हुए, 99.5 शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये घटकर 1,24,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गयी। चांदी भी लगातार तीसरे दिन बिकवाली के दबाव में रही, और 1,000 रुपये टूटकर 1,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गई।

### रुपया 50 पैसे की बढ़त के साथ 89.16 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 50 पैसे के उछाल के साथ 89.16 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच बैंकों और आयातकों की डॉलर बिकवाली से रुपये में यह गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि ने इसके अलावा रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से भी घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 89.46 प्रति डॉलर पर मजबूती के साथ खुला। कारोबार के दौरान 89.05 से 89.50 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह 89.16 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 50 पैसे का उछाल है।

### एयर इंडिया को 2026 में कुल 26 नए विमान शामिल करने की योजना: सीईओ

**गुरुग्राम:** एयर इंडिया समूह 2026 के अंत तक अपने बेड़े में 26 नए विमानों को शामिल करेगा और उसकी 81 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन उन्नत विमानों से करने की योजना है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने सोमवार को यह जानकारी दी। विल्सन ने 12 जून को अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे के बाद पहली बार मीडिया के साथ अपने औपचारिक संवाद में कहा कि अगले वर्ष कुल उड़ान क्षमता लगभग स्थिर रहेगी, क्योंकि नए विमानों के आने के साथ पट्टे पर लिए गए कुछ विमान लौटाए भी जाएंगे और कई विमान रेट्रोफिट (उन्नयन) कार्यक्रम में होंगे। उन्होंने विमानों की आपूर्ति, उन्नयन कार्यक्रम की प्रगति, आपूर्ति शृंखला की चुनौतियों, अमेरिका मार्ग की मांग और लॉयल्टी कार्यक्रम पर विस्तार से जानकारी दी। एयर इंडिया को 570-विमानों के अपने विशाल ऑर्डर का पहला बोइंग-787-9 इस महीने मिलेगा और यह जनवरी से सेवा में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि 2026 में एयर इंडिया के पास कम संख्या में बोइंग 777 होंगे, क्योंकि कुछ पट्टे वाले विमान वापस किए जा रहे हैं और तीन पुराने विमान हटाए जाएंगे।

### भारत, यूरोपीय संघ 27 जनवरी को एफटीए, रणनीतिक एजेंडा को दे सकते हैं अंतिम रूप

**नयी दिल्ली:** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच यूरोपीय संघ की भारत के साथ मिलकर एक व्यापक वैश्विक एजेंडा बनाने पर नजर है। साथ ही दोनों पक्ष 27 जनवरी को अपने वार्षिक शिखर सम्मेलन में मुक्त व्यापार समझौते, रक्षा रूपरेखा समझौते और एक रणनीतिक एजेंडा को अंतिम रूप दे सकते हैं। शीर्ष राजनयिक सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि नई दिल्ली में होने वाले शिखर सम्मेलन में मुक्त व्यापार समझौता एक 'जीवंत दस्तावेज' होगा जिस पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे को सुलझाने के लिए काम जारी रखा जा सकता है। यूरोपीय संघ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'अमेरिका की अनुपस्थिति में, भारत और यूरोपीय संघ, फ्रांस के साथ मिलकर वैश्विक संचालन व्यवस्था को लेकर एजेंडा तय कर सकते हैं। भारत उन बड़े देशों में से एक है जिनके साथ हम काम करते हैं और जिन पर हम भरोसा कर सकते हैं।' ऐसे समय, जब दुनिया अमेरिका की शुल्क नीति के कारण व्यापार में बाधाओं का सामना कर रही है, प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से दोनों पक्षों के बीच संबंध और भी प्रगाढ़ होने की उम्मीद है। इसका सकारात्मक प्रभाव कई अन्य क्षेत्रों में भी पड़ेगा।

वर्ष 10, पूर्णांक 3420 अंक 230, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in